# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024




26- APR- K&C- MAIN- Pg- 2 FULL PAGE_Layout 1 4/26/2024 11:14 PM Page 1





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024









## दुधमुंहे बच्चों को लेकर मतदान करने 30 किलोमीटर पैदल पहुंचे आदिवासी ग्रामीण

हरिभूमि लाइव

**मैनपुर।** गरियाबंद के मैनपुर विकासखण्ड के पहाड़ी और बीहड़ जंगलों में बसे दर्जनभर गांव के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण मतदान करने 25 से 30 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र पहुंचे। ग्रामीण कहीं एक दिन पहले तो कहीं शुक्रवार की सुबह 05 बजे ही मतदान करने अपने छोटे छोटे दुधमुंहे बच्चों को गोद में लेकर और 80 वर्षीय बुजुर्गों के साथ पहुंच गए। यहां पहाड़ी के ऊपर बसे ताराझर, कुर्वापानी, भालूडिग्गी, मटाल के लगभग 350 ग्रामीण पथरीली पगडंडी के सहारे बुजुर्गों को घोड़े में सवार शेष पेज 6 पर




### रात दो बजे निकले थे गांव से वोट डालने

डुमरघाट से मतदान करने के लिए यहां रहने वाले ग्रामीण रात करीब 2 बजे ही गांव से मतदान करने के लिए निकल गए थे। डुमरघाट से शेष पेज 6 पर







# चुनावी गर्मी में वोटों की बौछार, राजनांदगांव में टूटा रिकार्ड

## महासमुंद और कांकेर भी 70 पार, भूपेश, संतोष, ताम्रध्वज, रूपकुमारी वीरेश और भोजराज समेत 41 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

देश के 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान के साथ लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण समाप्त हो गया। आमतौर पर चुनाव शांतिपूर्ण रहा। कहीं-कहीं छुटपूट बहस और शिकवा शिकायत जरूर सामने आई। इन 88 सीटों में तीन छत्तीसगढ़ की सीटें भी शामिल हैं। यहां तीनों सीटों पर शाम तक 70 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजनांदगांव, महासमुंद और कांग्रेस सीट के लिए मतदान हुआ। शाम कर मिली जानकारी के अनुसार तीनों सीटों पर आमतौर पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ है। इन सीटों पर मतदान के साथ ही राज्य की 11 में से चार सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। अब तीसरे और अंतिम चरण में सरगुजा,रायगढ़, जाजंगीर चांपा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होगा। शुक्रवार को दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर औसतन 72 प्रतिशत शेष पेज 6 पर



### टेडेसरा में कांग्रेस-भाजपाई आपस में भिड़े

राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव मतदान दिवस के दौरान ग्राम टेडेसरा में उस वक्त माहौल गरमा गया, जब कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने समर्थको के साथ पोलिंग बूथ गेट के सामने पहुंचे और वहां इस भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। महिलाओं का कहना था कि श्री बघेल अपने साथ समर्थको को भी बूथ में ले जा रहे है। विवाद इतना शेष पेज 6 पर

### पीएम ने साय से पूछा मतदान का हाल

*रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात कर दूसरे चरण की सीटों का हाल जाना। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया, सभी सीटों पर बड़ी संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान हुआ है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की तीनों सीटें भाजपा को मिल रही हैं।*



## 13 राज्यों की 88 सीट पर मतदान खत्म, 5 राज्यों में 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग, यूपी में सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा के चुनाव के लिए दूसरे चरण की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 77.53% वोटिंग हुई है। इसके अलावा असम में 70.66, छत्तीसगढ़ में 72.13, मणिपुर में 76.06 और पश्चिम बंगाल में 71.84 फीसदी वोटिंग हुई है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहा। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया है। हालांकि मतदान का सही आंकड़ा बाद में घोषित किया जाएगा। वोटिंग के दौरान देश के किसी भी राज्य से हिंसा की घटना सामने नहीं आई शेष पेज 6 पर



### मप्र की 6 सीटों पर 54.83 प्रश वोटिंग

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 सीटों पर वोटिंग समाप्त हो चुका है। इन सीटों पर शाम 5 बजे तक लगभग 54.83 प्रतिशत मतदान हुआ है। एक चुनाव अधिकारी ने बताया कि शाम पांच बजे तक दमोह में 53.66 प्रतिशत, होशंगाबाद में 63.44, खजुराहो में 52.91, रीवा में 45.02, सतना में 57.18 और टीकमगढ़ में 57.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

### मथुरा में कम, अमरोहा में सबसे अधिक वोटिंग

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में पश्चिमी यूपी की 8 सीटों मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अमरोहा, अलीगढ़ और मथुरा में वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक 52.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इस दौरान अमरोहा में सबसे ज्यादा वोटिंग 61.89 प्रतिशत तो मथुरा में सबसे कम 46.96 फीसदी मतदान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में के. सुधाकर से 4.8 करोड़ जब्त



**बेंगलुरु।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि रिश्वतखोरी और मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप में भाजपा के उम्मीदवार के. सुधाकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनके पास से 4.8 करोड़ नकद जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि उड़न दस्ते ने यह कार्रवाई की है।

### दिल्ली हवाईअड्डे से फर्जी पायलट गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस के अनुसार उन्होंने एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा।

### संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान उसने विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला बारूद बरामद किया। तलाशी अभियान टीएमसी के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

### बेमेतरा में गरजे केंद्रीय गृहमंत्री, कांग्रेस पर जमकर बरसे

## शाह बोले-कांग्रेस करती रही नक्सलियों का पालन पोषण, हम दो साल में कर देंगे समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/ बेमेतरा

तीसरे चरण के मतदान के पहले शुक्रवार को बेमेतरा में चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप और गोबर खरीदी के नाम पर पिछली कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार किया है। कांग्रेस ने नक्सलियों का पालन-पोषण किया। हमने देश में नक्सल खत्म किया, लेकिन यहां भूपेश के कारण नहीं हो पाया। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, केवल 4 महीने में 90 नक्सलियों को मार गिराया है। छत्तीसगढ़ से हम दो साल में नक्सलियों को समाप्त कर देंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आमसभा में पहुंचते ही अपने भाषण की शुरूआत जोशीले अंदाज में की। उन्होंने भीड़ से पूछा, तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है कि नहीं, तीसरी बार जीत मोदी जी की झोली में डालना है कि नहीं। विजय बघेल को जिताना है कि नहीं। लोगों ने एक स्वर में हां कहकर केंद्रीय गृहमंत्री शाह को भरोसा दिलाया। इस दौरान युवाओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से डिप्टी सीएम अरुण साव, बेमेतरा विधायक ईश्वर साहू, ललित चन्द्राकर, रमशीला साहू सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। शेष पेज 6 पर




### प्रत्याशी विजय बघेल को जिताने की अपील

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को विजय बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की रीति-नीति के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति में भुनेश्वर साहू की जान गई है। छत्तीसगढ़ को राज्य बनाने का विरोध कांग्रेसियों ने ही किया है।

### भूपेश एंड कंपनी ने किया घोटाला

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी जीतेंगे तो पांच किलो चावल वर्ष 2029 तक मिलेगा। मोदी जीतेंगे तो सिलेंडर की जगह पाइप से गैस मिलेगी। मोदी पर 25 वर्ष में 25 पैसे का आरोप नहीं लगा। भूपेश एंड कंपनी ने महादेव के नाम पर घोटाला किया। शराब घोटाला व रेत घोटाला किया। गोबर घोटाला किया। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर काम हो रहा है।

### भूपेश का जेल जाना तयः विष्णुदेव

**नवापारा-राजिम।** सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार की शाम नवापारा शहर से लगे पिपरौद की एक सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि महादेव ऐप वाले मामले में इनके खिलाफ 508 करोड़ रुपए की लेन देन को लेकर एफआईआर हो चुकी है।,उनका जेल जाना तय है। उन्होंने आक्रमक अंदाज में साफ-साफ कहा कि पांच साल सत्ता में रहने वाले भूपेश ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। जनता को सिर्फ ठगा है। हर चीज में इन्होंने भ्रष्टाचार किया। कोयला, रेत, शराब और गोबर घोटाला जैसे कई कारनामे हैं। इन्हें लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव की जनता सबक सिखाने जा रही है। श्री साय ने अपने भाषण की शुरूआत शेष पेज 6 पर



## बिरनपुर हत्याकांड की सीबीआई जांच के लिए केंद्र ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर।** बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुए हत्याकांड की सीबीआई जांच के लिए केंद्र सरकार ने अनुमति प्रदान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व दो समुदायों की आपसी विवाद में हिंसक झड़प होने के बाद छात्र भुनेश्वर साहू की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। भुनेश्वर की हत्या के बाद क्षेत्र में आगजनी की घटना भी हुई और दो अन्य की हत्या कर दी गई थी। इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई थी। राज्य सरकार द्वारा सीबीआई जांच की मांग करने के बाद केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार इसके पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा-2021 शेष पेज 6 पर

- बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में भुनेश्वर साहू की विगत वर्ष हुई थी हत्या

### पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर में प्राथमिक स्कूल के पोलिंग बूथ में था तैनात

## चुनाव ड्यूटी के दौरान एसएएफ जवान ने रायफल से गोली मारकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ रसेला

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के मतदान के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात एसएएफ कंपनी मध्यप्रदेश के जवान ने शुक्रवार को सुबह 10 बजे सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा किया गया, जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने जानकारी देते शेष पेज 6 पर

### मध्यप्रदेश का था रहने वाला



### जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि गुरूवार की शाम फोन में हुए बातचीत में जवान विवाद कर रहा था। घटना का ठोस कारण का अब भी पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सीयू में इसी माह दुबारा निरीक्षण करने पहुंची थी नैक टीम

## छग की इकलौती सेंट्रल यूनिवर्सिटी को नैक से मिला ए डबल प्लस ग्रेड

**सेंट्रल यूनिवर्सिटी का 7 बिन्दु पैमाने पर 3.62 सीजीपीए आया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

प्रदेश की इकलौती सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी ने नैक असेसमेंट में लंबी छलांग लगाई है, नैक द्वारा जारी ग्रेडिंग में सेंट्रल यूनिवर्सिटी को ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी का 7 बिन्दु पैमाने पर 3.62 सीजीपीए आया है। नैक की सर्वोच्च ग्रेडिंग मिलने पर यूनिवर्सिटी में जश्न व उत्साह का माहौल है। नैक की 6 सदस्यीय टीम ने इसी माह की 15 तारीख को दुबारा निरीक्षण करने पहुंची थी और तीन दिनों तक नैक की पियर टीम सेंट्रल यूनिवर्सिटी में घूम-घूमकर सभी डिपार्टमेंट का निरीक्षण किया था।




### जश्न का माहौल

नैक की ए डबल प्लस ग्रेडिंग गुरुवार रात को जारी हुई और सुबह यूनिवर्सिटी खुलते ही यह खबर पूरे कैंपस में फैल गई, इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई और चारों तरफ उत्साह, जश्न का माहौल है।

26- APR- K&C- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/26/2024 11:20 PM Page 1



चिंतन

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर बेवजह सवाल सही नहीं

देश में जारी आम चुनाव के दौरान वीवीपैट से जुड़ीं सभी याचिकाएं खारिज कर सौ फीसदी वीवीपैट से मिलान की मांग का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। ईवीएम को लेकर जारी बहस पर भी विराम लग गया है। देश में ईवीएम से चुनाव होते रहेंगे, मतपत्र की ओर लौटने की किसी भी संभावना का अंत हो गया है। चुनाव की मौजूदा व्यवस्था चलती रहेगी। अभी ईवीएम से चुनाव होते हैं और चुनिंदा सेंटरों पर वीवीपैट से मिलान की व्यवस्था है। ईवीएम से चुनाव में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी की आशंकाओं को निर्वाचन आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए अहम बात कही कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंद कर अविश्वास करना'' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया है कि उम्मीदवार की शिकायत पर ईवीएम की जांच हो सकती है। ईवीएम के 42 वर्ष के इतिहास में ऐसा प्रावधान पहली बार किया गया है। अगर दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले को किसी प्रकार का शक है तो वे 7 दिनों के भीतर शिकायत कर सकते हैं। इस जांच का खर्च प्रत्याशी को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले उम्मीदवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी तीन निर्देश दिए हैं। चुनाव चिन्ह लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण किया जाय। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी देखे कि चुनाव चिन्ह के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है क्या? दिलचस्प है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालत ने अब तक 40 बार खारिज की है। 24 अप्रैल को 40 मिनट की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में शामिल न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने एक महत्वपूर्ण बात भी की है कि केवल अटकल के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उन याचिकाकर्ताओं को आईना दिखाना है, जो बार-बार इस मुद्दे को अदालत लेकर गए हैं। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, याचिकाकर्ता न तो कभी यह दिखा पाए कि चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के सिद्धांत का कैसे उल्लंघन करता है और न ही डाले गए सभी वोट से वीवीपैट पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान के अधिकार को साबित कर सके। चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल करीब 11 वर्ष पहले शुरू किया गया था। समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। देश को पिछले 70 वर्ष से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने पर गर्व रहा है, जिसका श्रेय काफी हद तक निर्वाचन आयोग और जनता द्वारा उस पर जताए गए विश्वास को दिया जा सकता है।

# राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल



चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

बदलते जमाने ने हमें यह सिखा दिया है कि हवाओं के साथ बहना ही अच्छा है। कविता की ये पंक्तियां आज के राजनीतिक माहौल को बयां करने के लिए काफी हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जाहिर तौर पर लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, आचार्य नरेंद्रदेव, लाल बहादुर शास्त्री, जेपी. कामराज, कर्पूरी ठाकुर व चौधरी चरण सिंह रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

इस चुनाव को देखकर स्वामी विवेकानंद का वह वाक्य भी याद आता है कि राजनीति एक खेल है जिसे चालाक लोग खेलते हैं, मूर्ख लोग दिनभर चर्चा करते हैं। चुनाव में चर्चाओं का दौर दिनभर चलता है। ये चर्चाएं हिंसक, अहिंसक, व्यर्थ और काम की भी हुआ करती हैं। कहते हैं लोकतंत्र में चर्चाएं चुनाव के वक्त हवा बनाने या हवा का रुख बदलने का कार्य किया करती हैं, लेकिन ये चर्चाएं वाद-विवाद झगड़े और हिंसा की वजह बन जाएं तो यह सेहतमंद लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जाहिर तौर पर आम चुनाव लोकतंत्र का जिंदा रहने का सबूत और यकीन भी है, लेकिन आम चुनाव में जिस तरह से राजनीतिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रति आशंका भी पैदा कर रहा है। इसके लिए महज राजनेता ही जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि देश का सारा तंत्र कमोवेश जिम्मेदार है। दो चरण का चुनाव हो चुका है। पहले चरण में पिछले आम चुनाव से कम मत पड़े हैं। इसकी तमाम वजह बताई जा रही हैं, लेकिन उन तमाम वजहों में एक बड़ी वजह मतदाताओं का चुनाव के प्रति उदासीन होना बताया जा रहा है। चुनाव आयोग की तमाम कवायदों के बावजूद यदि मत प्रतिशत कम है तो इसकी वजह तो यह भी हो सकती है कि लोगों के सामने कोई पार्टी या नेता के रूप में कोई ऐसा विकल्प नहीं दिख रहा है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता हो। गौरतलब है आजादी के सात दशक बाद भी करोड़ों लोगों के सामने यदि समस्याओं का अम्बार लगा मिले और आम आदमी खुद को उन समस्याओं को कम या हल करने में अक्षम पा रहा हो तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता ही है। इसके लिए भले ही किसी एक पार्टी को जिम्मेदार न मानें, लेकिन सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन करने वाली पार्टी की नाकामी को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बार के आम चुनाव में भी एक बार फिर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक मूल्यों की परवाह न करते हुए वे सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो राजनीतिक मूल्यों और लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह जायज नहीं ठहराए जा सकते हैं। विडम्बना ही कही जाएगी कि सत्ता पाने के लिए वे दल भी इस चुनावी समर में दंडबैठक कर रहे हैं जिनका न जनाधार है और न ही




कोई बेहतर दूरदर्शी राजनीतिक सोच ही है। जाहिर तौर पर राजनीतिक गठजोड़ व दबाव की राजनीति के बूते सत्ता हथियाने की सारी तरकीबें इस चुनाव में देखी जा सकती है। यह देखते हुए अच्छे, निष्ठावान, मूल्यों को संरक्षित करने वाले ईमानदार व सक्षम जननायक लोकतंत्र के इस समर में कूदने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के लिए स्वदेशी का आधार, सतत आर्थिक व सामाजिक विकास, पशुधन व पर्यावरण सुरक्षा, सुशासन, स्वावलम्बन, हिंसा व भ्रष्टाचार मुक्त समाज, हर हाथ को काम व उसका उचित दाम और मूलभूत आवश्यकताएं मसलन सड़क, बेहतर यातायात के साधन, कृषि और कृषकों की खुशहाली, सब को बिजली, सबके लिए समान अधिकार व कानून, राजनीतिक व सामाजिक आचार संहिता का पालन, भारतीय शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं में ही सुनिश्चित करने की गारंटी, सबको पीने योग्य पानी, प्राकृतिक व मानव संसाधन का जरूरत के मुताबिक वितरण, सबको फ्री चिकित्सा, गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस नीतियां, आधुनिक सूचना तंत्र को और बेहतर बनाने की योजनाएं, बढ़ती गैर बराबरी को खत्म करने के लिए ठोस आर्थिक नीति, महिलाओं की सुरक्षा व खुशहाली, युवा वर्ग की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल जैसे जनहितकारी और राष्ट्रीय मुद्दों की जगह लोक लुभावने वादे, नारे और भाषणों की भरमार किस लोकतंत्र के हिस्से कहे जाएंगे! राजनीति के केंद्र में जो वादे या घोषणाएं होनी चाहिए उनकी जगह तुष्टिकरण, लोक लुभावने वादे, राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने का चलन का लगातार बढ़ते जाना सुखद लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, यह सच्चाई यदि किसी दल को याद नहीं है तो इससे न तो संविधान की रक्षा हो सकती है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों और शक्तियों को सुरक्षित करना ही सुनिश्चित हो सकता है। भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि दूसरे मुल्क भी भारत के मूल्याधारित लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र कह कर इसकी सराहना करते। आज भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव पर विश्व मीडिया की बारीक नजर लगी हुई है। वे इस उत्सव के अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षक बने हुए हैं, इसलिए आम चुनाव महज भारतीय लोकतंत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि दुनिया में तेजी से भारत की बढ़ती साख के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। जिस लोकतंत्र के स्वप्न हमारे संविधान निर्माताओं ने देखे थे उन स्वप्नों को पंख देने की दृढ़ इच्छा शक्ति किसी दल में दिखाई नहीं दे रही है। शायद इसलिए मतदाता इस बार खामोश है। उसकी उदासीनता यह बताती है कि कोई भी सत्ता में आए उसकी रोजमर्रा की समस्याएं जस की तस रहने वाली हैं।

भारत के कई राज्यों में लम्बे समय से अराजकता का माहौल देखने को मिलता रहा है। बाहुबलियों और माफियाओं ने अपना दबदबा शासन तक बना रखा था। लोकतंत्र का क्षरण और लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली प्रथम चरण में देश के पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की खबरें लोकतंत्र के इस उत्सव को क्या दागदार नहीं बनाती! राष्ट्रीय हितों की कीमत पर मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। आम आदमी को चाहिए कि वह जात पात, क्षेत्रवाद और निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल ऐसी पार्टियों और नेताओं का बहिष्कार ही न करे वरन, अपने बहुमूल्य मत का इस्तेमाल करते हुए देशहित में निर्णय लें। जाहिर तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सबका साथ लेते हुए सबका विकास और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए जो पार्टी कटिबद्ध दिखे उसे ही अपना बहुमूल्य मत दें। नोटा की बटन भी इसमें से कोई नहीं के तौर पर विकल्प के रूप में मौजूद है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*अटुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर मां देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।*

दरकार
सोनम लववंशी



# मेधा का सम्मान करना सीखें

बीते दिनों यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। सीतापुर की प्राची निगम ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, लेकिन हमारे समाज की निकृष्ट सोच का स्तर देखिए प्राची के अच्छे स्कोर, उसकी पढ़ाई के प्रति लगन की सराहना करना तो दूर पर प्राची के चेहरे पर दिख रहे बालों का मजाक बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं। सोचिए उसके बाल मन पर क्या बीत रही होगी। जिस कार्य के लिए समाज को उसकी सराहना करनी चाहिए, उसके बजाय किस चीज पर बात कर रहे हैं। क्या आज के समय में चेहरे की खूबसूरती ही मायने रखती है? पढ़ाई लिखाई का खूबसूरती के आगे कोई महत्व नहीं है! प्राची ने 98.50 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्कोर के साथ 600 में से 591 अंक प्राप्त किए हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इसके लिए प्राची ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन विकृत मानसिकता वाले उसकी उपलब्धि को तरजीह न देकर उसकी शक्ल-सूरत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। हमारे समाज में अक्सर एक लड़की को उसके रंग रूप को लेकर जज किया जाता है, पर सवाल तो यह है कि, क्या बिना शिक्षा के समाज चल पाएगा? अगर बिना पढ़े-लिखे सिर्फ सुंदर दिखने और फैशन से ही देश चल सकता है, तो फिर देश में एजुकेशन सिस्टम का क्या महत्व है? देश में शिक्षण संस्थानों की जगह सौंदर्य प्रसाधन केंद्र ही खोल दिए जाने चाहिए। दरअसल हमारे समाज की यही परेशानी है। कोई किसी की उपलब्धि की सराहना करे या न करे, निंदा करने में कोई पीछे नहीं रहता है। सदियों से महिला को केवल उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जाता है जहां उसकी बाहरी खूबसूरती पितृसत्तात्मक समाज के लिए ज़रूरी हो जाती है। महिला खूबसूरत नहीं है तो उसे समाज में सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता है। स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। यूं तो सोशल मीडिया के बढ़ते चलन ने भले ही सामाजिक दायरे को काफ़ी बढ़ा दिया है, लेकिन दूसरी तरफ़ ट्रोल गैंग जैसी विकृत मानसिकता एक्टिव हो गई है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कौन है। उसे क्या परेशानी है। बस अपने मज़े के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अनाप शनाप लिखना होता है। प्राची को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीसीओएस यानी पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम नामक बीमारी है। इस बीमारी में मेटाबॉलिज्म और हॉर्मोनल इंबैलेंस ज्यादा होता है। यहां तक कि पीरियड्स की भी समस्या रहती है। सोचिए कि जिस मासूम को दुनियादारी की परवाह तक नहीं है उसे तो सिर्फ अपनी पढ़ाई से मतलब है, बावजूद इसके ट्रोल गैंग उसे निशाना बना रहा है। एक ग़रीब ठेकेदार की बेटी की कामयाबी भी सभ्य समाज से देखी नहीं गई। वैसे अगर प्राची की जगह कोई लड़का टॉप करता तब उसके रंग रूप या चहरे को लेकर कोई चर्चा नहीं करता। क्यों समाज में स्त्री और पुरुषों में इस तरह भेदभाव किया जाता है। लड़की को लेकर समाज इतना संवेदनहीन हो चला है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी स्त्री को उसके रंग रूप या किसी अन्य कारण से अपमानित किया गया हो। यहां तक कि हमारे देश की राष्ट्रपति तक को उनके रंग को लेकर मज़ाक बनाया गया। हमारे समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। महिला कोई वस्तु नहीं है, उसका अपना एक वजूद है। उसे समाज में सम्मान मिलना चाहिए।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**इलाज पर भरोसा बना रहना चाहिए**

पतंजलि के कुछेक उत्पादों का मामला सुर्खियों में है। वैसे भ्रामक विज्ञापन किन्हीं एक या दो कंपनियों के ही नहीं होते, लगभग हर कंपनी अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऐसा करती है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से उच्चतम न्यायालय ने जो भी सवाल पूछे, उनके संबंधित संस्थाओं को साफ-साफ उत्तर देने चाहिए और सबकी निष्पक्ष और उचित जांच भी होनी चाहिए। इसका सारा सच आमजन के सामने मीडिया के जरिए भी आना चाहिए। दूसरी चीज आयुर्वेद की या अंग्रेजी दवाएं हों, इनकी कीमत इतनी निर्धारित होनी चाहिए कि ये गरीब से गरीब व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हों। - **वीरेंद्र कश्यप**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के मटाला हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भारत-रूस को

श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है।



## ऑफ बीट

# आपका भोजन आने वाली नस्लों को बदल सकता है

पिछली शताब्दी के दौरान, आनुवंशिकी के बारे में शोधकर्ताओं की समझ में गहरा परिवर्तन आया है। जीन, डीएनए के क्षेत्र जो हमारी शारीरिक विशेषताओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, 1865 में जीवविज्ञानी ग्रेगर मेंडल द्वारा शुरू किए गए आनुवंशिकी के मूल मॉडल के तहत अपरिवर्तनीय माने जाते थे। यानी, जीन को किसी व्यक्ति के पर्यावरण से काफी हद तक अप्रभावित माना जाता था। 1942 में एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र के उद्भव ने इस धारणा को तोड़ दिया। एपिजेनेटिक्स जीन अभिव्यक्ति में बदलाव को संदर्भित करता है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होता है। कुछ एपिजेनेटिक परिवर्तन कोशिका कार्य का एक पहलू हैं, जैसे कि उम्र बढ़ने से जुड़े परिवर्तन। हालाँकि, पर्यावरणीय कारक भी जीन के कार्यों को प्रभावित करते हैं, जिसका अर्थ है कि लोगों का व्यवहार उनके आनुवंशिकी को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, एक जैसे जुड़वाँ बच्चे एक ही निषेचित अंडे से विकसित होते हैं और परिणामस्वरूप, उनमें आनुवंशिक संरचना समान होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे जुड़वा बच्चों की उम्र बढ़ती है, अलग-अलग पर्यावरणीय जोखिमों के कारण उनकी शक्ल-सूरत अलग-अलग हो सकती है।



## ट्रेंड

### कल्याण के लिए काम करेंगे



प्रेरक! यही एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मानव होने का स्वभाव



यदि आपकी मानवता पूर्ण प्रवाह में है, तो आप अपने आस-पास के जीवन तक पहुंच जाएंगे। यह नैतिकता नहीं है- मानव होने का स्वभाव है। केवल आपके भौतिक शरीर को एक सीमा की जरूरत है। आपके बारे में बाकी सब कुछ सार्वभौमिक हो सकता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### यह सामान्य चुनाव नहीं



मतदान का बटन दबाने से पहले, 'हम, भारत के लोग' - भारत के संविधान की यह आत्मा, आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।' यह लोकतंत्र को तानाशाही के चंगुल से बचाने का चुनाव है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अच्छी आदतों से आता स्वास्थ्य



प्यार दीर्घकालिक रिश्तों से आता है। स्वास्थ्य दीर्घकालिक अच्छी आदतों से आता है। धन लंबी अवधि के निवेश से आता है। शांति दीर्घकालिक आत्म-चिंतन से आती है। प्रतिभा दीर्घकालिक केंद्रित प्रयासों से आती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

शनिवार, 27 अप्रैल 2024

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 24, अंक : 34

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5 .00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 42.0

न्यून. 25.0




7 टी20 में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 बल्लेबाज...

विचार पेज

राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल






# आधी बोतल पानी बेकार फेंका जा रहा था, इसलिए वंदे भारत में अब मिलेगा आधा लीटर ही

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों को अब ट्रेन में एक लीटर की बोतल की जगह आधा लीटर पानी ही मिलेगा। आदेश जारी होने के बाद आईआरसीटीसी अब 500 मिलीलीटर की रेल नीर बोतल उपलब्ध कराने की तैयारी में जुट गया है। रेलवे बोर्ड का मानना है कि ट्रेन में 70 फीसदी यात्री एक लीटर बोतल का पूरा पानी खत्म नहीं कर पा रहे थे। बिलासपुर से नागपुर के बीच रोजाना 700 से अधिक यात्री सफर करते हैं, जिसमें 350 से अधिक यात्री बोतल में आधा ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



## पानी की बर्बादी रोकने रेलवे ने बदला नियम

- वंदे भारत एक्सप्रेस में अब आईआरसीटीसी 500 मिली. की रेल नीर बोतल कराएगा उपलब्ध



### 20 लीटर से अधिक बचेगा पानी

बिलासपुर से नागपुर के बीच संचालित वंदे भारत में सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी बिलासपुर से रायपुर के बीच देखने को मिली है। वंदे भारत में रायपुर का सफर यात्री 1 घंटे 10 मिनट में तय कर लेते हैं और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अब देंगे आधा लीटर पानी

वंदे भारत एक्सप्रेस में रेलवे बोर्ड के नियमानुसार अब एक की जगह आधा लीटर पानी दिया जाएगा। इसे लेकर आईआरसीटीसी को 500 मिलीलीटर की रेल नीर बोतल तैयार करने को कहा है। पानी की नई बोतल मिलते ही यह सुविधा लागू कर दी जाएगी।


- विकास कश्यप, सीपीआरओ, दपूमरे

### आईआरसीटीसी को नई बोतल उपलब्ध कराने निर्देश

रेलवे बोर्ड का पत्र मिलने के बाद व्यवस्था लागू करने में जोन में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। रेलवे अधिकारियों ने आईआरसीटीसी को वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए 500 मिलीलीटर की रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बोतल तैयार कर जल्द उपलब्ध कराने को कहा है। रेलवे अधिकारी का कहना है कि नई पानी बोतल आते ही ट्रेन में उपलब्ध करा दी जाएगी। इसमें सप्ताहभर का समय लग सकता है। ट्रेन में 500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों की मांग पर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क में दी जाएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस आज 24 राज्यों और केंद्रशासित ▶▶|शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### रामवन में जमीन धंसी 50 से अधिक घर क्षतिग्रस्त



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामवन जिले में जमीन के धंसने से 50 से अधिक घर, चार बिजली टावर, एक रिसीविंग स्टेशन और एक मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। रामवन के उपायुक्त बसीर-उल-हक चौधरी ने बताया कि पेरनोट गांव में अचानक जमीन धंसने के बाद शाम घरों में दरारें आने लगीं थीं।

### यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच के अनुरोध संबंधी भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज कर दी। छह महिला पहलवानों ने सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

### बारातियों से भरा वाहन पेड़ से टकराया, चार की मौत



**रायबरेली।** रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाराती लालगंज के कटहरिन के पुरवा गांव से वापस लौट रहे थे।

### आतिशबाजी से सिलेंडर विस्फोट, छह की मौत



**दरभंगा।** अंटोर गांव में कल रात एक विवाह समारोह के दौरान की गयी आतिशबाजी से आग लग गई और सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे एक ही परिवार के छह लोगों एवं तीन मवेशियों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि दो लोग घायल भी हैं।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, छह की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में को एक कार खड़े ट्रक के पीछे वाले हिस्से से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। पुलिस बताया कि कार में सवार पांच महिलाओं समेत सात लोग रायसिंह नगर से जा रहे थे।

बैलेट पेपर पर भी दिया फैसला, माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच आयोग के इंजीनियर करेंगे

# ईवीएम-वीवीपीएटी मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आंख मूंदकर अविश्वास करना सही नहीं, खारिज की याचिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम वीवीपेट की पर्ची मिलान से जुड़ी सभी याचिकाएं को खारिज करने का फैसला सुनाया है साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को भी खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 45 दिन तक ईवीएम-वीवीपैट का डाटा सुरक्षित रखा जाए, ताकि कोई उम्मीदवार यदि परिणाम पर सवाल उठाता है तो उसकी जांच की जाएगी, लेकिन इसका खर्चा उम्मीदवार को वहन करना होगा। बता दें कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थी। उन्होंने अपनी याचिका में वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी। जिसे अब कोर्ट ने खारिज कर दिया है। बता दें कि इससे पहले हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि वह केवल ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह के आधार पर चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकता या कोई निर्देश जारी नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा था, वीवीपीएटी में अभी तक गड़बड़ी की एक भी रिपोर्ट सामने नहीं आई है। हम ये भी देख रहे हैं कि क्या ज्यादा वीवीपीएटी के मिलान का आदेश दिया जा सकता है। ▶▶|शेष पेज 6 पर



**कोर्ट ने क्या कहा?**

जस्टिस खन्ना ने कहा, हमने 2 निर्देश दिए हैं। एक निर्देश यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील कर दिया जाना चाहिए। दूसरा ये कि क्रम संख्या 2 और 3 में उम्मीदवारों के अनुरोध पर परिणामों की घोषणा के बाद इंजीनियरों की एक टीम माइक्रोकंट्रोलर मेमोरी की जांच करेगी। उम्मीदवार परिणाम घोषित होने के 7 दिनों के भीतर ऐसा अनुरोध कर सकता है।

**ईवीएम से छेड़छाड़ सिर्फ आशंका चुनाव आयोग**

ईवीएम को लेकर लगातार उठ रहे सवाल तथा बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए कहा कि किसी भी प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करना सही नहीं है। ईवीएम और वीवीपीएटी की सभी पर्चियों का मिलान नहीं किया जा सकता है। उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के अंदर रिजल्ट की दोबारा जांच की मांग कर सकता है जिसका खर्चा उसे स्वयं उठाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विपक्ष के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### फैसले ने 'इंडिया' के घटक दलों को बेनकाब कर दिया



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इसने निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करने वाली कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को बेनकाब कर दिया है।

### वीवीपीएटी को लेकर अभियान जारी रहेगा



कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी से संबंधित जिन याचिकाओं को खारिज किया है उनमें वह किसी भी तरह से पक्ष नहीं थी और वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

### किसी प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करना सही नहीं : कोर्ट


जस्टिस दत्ता ने कहा, किसी प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अनुचित संदेह को जन्म दे सकता है। इसलिए हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है। चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका आदि हों। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है।

**क्या है मामला?** दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) समेत कई लोगों ने कोर्ट में याचिका दायर कर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम में पड़ने वाले सभी वोटों का सत्यापन वीवीपीएटी मशीनों से किए जाने की मांग की है। फिलहाल हर निर्वाचन क्षेत्र की केवल 5 ईवीएम मशीनों का ही वीवीपीएटी से मिलान होता है। ये 5 मशीनें रैंडम तरीके से चुनी जाती हैं।

# एपीसी की पिस्टल से सफाई करते चली गोली, जवान की मौत



- मृतक तथा घायल मध्यप्रदेश के रहने वाले
- महेंद्र कर्मा के बेटे आशीष कर्मा की सुरक्षा में तैनात थे दोनों जवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित पुलिस बैरक में फायरिंग होने से हड़कंप मच गया। फायरिंग की घटना पिस्टल की सफाई के दौरान हुई है। इस घटना में वीआईपी सुरक्षा में तैनात एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) के हाथ में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार एपीसी अपने पिस्टल की सफाई कर रहा था, इसी दौरान गोली चल गई। गोली एपीसी के पंजा को चीरते हुए जवान के सीने में घुस गई, सीने में गोली घुसने की वजह से जवान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आशीष की सुरक्षा में एक वर्ष पूर्व से तैनात

पुलिस के मुताबिक मृतक तथा घायल एपीसी एक वर्ष पूर्व से ही महेंद्र कर्मा के बेटे तथा डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा की सुरक्षा में एक वर्ष पूर्व से तैनात थे। अजय वीआईपी सुरक्षा वाहिनी में वर्ष ▶▶|शेष पेज 6 पर

पंजाब से किया गिरफ्तार

# सलमान के घर गोली चलाने वाले 30 तक पुलिस हिरासत में



एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई की एक अदालत ने पंजाब से गिरफ्तार दो आरोपियों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इन आरोपियों ने शूटर्स को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे। इन आरोपियों ने शूटर्स को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए। पुलिस ने दो पिस्तौल, मैगजीन बरामद कीं।

### पूछताछ में होंगे अहम खुलासे

पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए और उन्हें पहले गिरफ्तार किए गए दो शूटरों को हथियार देने के लिए किसने कहा। पुलिस ने आरोप लगाया है कि चंदर और थापन 15 मार्च को शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को दो देशी पिस्तौल और 38 जिंदा राउंड सौंपने के लिए पनवेल (मुंबई के पास रायगढ़ जिले में) आए थे।

### ये है मामला

बता दें कि गुप्ता और पाल ने मोटरसाइकिल पर मौके से भागने से पहले 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 58 वर्षीय खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की। उन्हें 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था।


### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई भी है आरोपी

पुलिस ने इन चारों आरोपियों के अलावा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। अभियुक्तों की ओर से पेश होते हुए, वकील अजय दुबे ने कहा कि चंदर और थापन ने अन्य अभियुक्तों को हथियार उपलब्ध नहीं कराए थे या पनवेल का दौरा नहीं किया था और उनका बिश्नोई गिरोह से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सभी आरोप निराधार हैं और उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है।

# वॉट्सऐप ने कोर्ट में कहा, एन्क्रिप्शन तोड़ने की बात कही तो भारत में बंद कर देंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने कोर्ट में भारत से चले जाने की बात कही है। पॉपुलर मैसेजिंग ऐप ने भारत में आईटी एक्ट के तहत एनक्रिप्शन तोड़ने की मांग पर असहमति जताया है। कंपनी ने कोर्ट में कहा है कि अगर उसे एनक्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है तो वह भारत में अपना काम बंद कर यहां से चली जाएगी। इस मामले पर अगली सुनवाई ▶▶|शेष पेज 6 पर



### करोड़ों मैसेज स्टोर रखना पड़ेगाः दलील

वॉट्सऐप की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कोर्ट में इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़े 2021 के नियमों के तहत हमें नहीं पता है कि कौन से मैसेज को डिक्रिप्ट करने के लिए कह दिया जाए। हमें लाखों-करोड़ों मैसेजों को कई सालों तक स्टोर करके रखना पड़ेगा।

### हाईकोर्ट का सवाल, वॉट्सऐप का जवाब

कोर्ट ने वॉट्सऐप से सवाल किया कि क्या किसी अन्य देश में इस तरह का कोई कानून मौजूद है? इस पर कंपनी ने कोर्ट से कहा, दुनिया में कहीं भी इस तरह का नियम नहीं है। यहां तक कि ब्राजील में भी ऐसा कोई नियम मौजूद नहीं है।

# ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के आरापुर तालाब के पास बीती रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। परपा पुलिस और 112 डायल के कर्मचारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज भिजवाया।

लोगों ने बताया कि गुरूवार की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच यह हादसा हुआ है। पुलिस ने बताया कि दंतेवाड़ा निवासी मोहम्मद इस्लाम पिता स्व. मोहम्मद रसीद (40), मोहम्मद आरिफ ▶▶|शेष पेज 6 पर

**तीनों युवक जगदलपुर विवाह कार्यक्रम में आए थे लौटते वक्त हुआ हादसा**



छात्रों को किताबें नहीं मिलने पर दिल्ली हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

# केजरीवाल को सिर्फ सत्ता का मोह, निजी हित को ऊपर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को 2 लाख से अधिक स्टूडेंट्स को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध न करा पाने को लेकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार की दिलचस्पी सिर्फ सत्ता में बने रहने की है और गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### यहां सत्ता का अहंकार चरम परः कोर्ट

हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि दिल्ली सरकार को इस बात की जरा भी चिंता नहीं है कि छात्र स्कूल नहीं जा रहे हैं या उनके पास किताबें नहीं हैं। आपकी दिलचस्पी सिर्फ सत्ता में है। कोर्ट ने कहा कि यहां सत्ता का अहंकार चरम पर है।



**दिल्ली सरकार के वकील ने दी ये दलीलें:** दिल्ली सरकार के वकील सदान फरासत ने कहा कि एमसीडी के पास स्थायी समिति न होने का कारण एलजी ने अवैध रूप से एल्डरमैन नियुक्त किए हैं और सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार कर रहा है। फरासत ने ये भी कहा कि दिल्ली सरकार के पास वैसे भी बहुत अधिक शक्ति नहीं है।

### कोर्ट ने की ये सख्त टिप्पणी


दिल्ली सरकार की दलील पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि ये आपने कहा है कि मुख्यमंत्री के हिरासत में होने के बावजूद सरकार चलती रहेगी। आप हमें उस रास्ते पर जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिस पर हम नहीं जाना चाहते थे। हमने अपने सामने आई जनहित याचिकाओं में कई बार यह कहा है, लेकिन यह आपके प्रशासन का फैसला है। अगर आप चाहते हैं कि हम इस पर टिप्पणी करें, तो हम इस पर विचार करेंगे।

26- APR- K&C- MAIN- Pg- 6 RANBHOOMI_Layout 1 4/26/2024 11:29 PM Page 1










*लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए भी भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। दो चरणों में सभाओं में पीछे रहने वाली कांग्रेस ने अब तीसरे चरण के लिए लगातार अपने राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं कराने की तैयारी की है।*


# राहुल की 29 को सकरी, खड़गे की 30 को शिवरीनारायण, शाह की एक को कोरबा में सभा

## प्रधानमंत्री मोदी का रायपुर में रोड शो कराने का प्रस्ताव भेजा गया पीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस कड़ी में 29 अप्रैल को राहुल गांधी की बिलासपुर के सकरी और 30 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण में सभा होगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा एक मई को कोरबा में होगी। इसी के साथ भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायपुर में रोड शो कराने का प्रस्ताव पीएमओ को भेजा है। इसको अभी मंजूरी नहीं मिली है। तीसरे चरण में प्रधानमंत्री की कम से कम दो सभाएं कराने की तैयारी है। कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की तीन सभाओं का प्रस्ताव भेजा है।







छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं। दो चरणों के चुनाव हो गए हैं। अब तीसरे चरण का चुनाव सात मई को होना है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रचार 5 मई को थम जाएगा, इसके पहले भाजपा और कांग्रेस अपने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभाओं के मामले में अब तक भाजपा भारी पड़ी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार, केंद्रीय मंत्री अमित शाह की तीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की एक सभा हो चुकी है। कांग्रेस के लिए राहुल गांधी की एक और प्रियंका गांधी की दो सभाएं हुईं हैं।

## मोदी का रायपुर में रोड शो संभव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ को बहुत अहमियत दे रहे हैं। उनकी यहां पर चार सभाएं हो चुकी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे पहली बार रायपुर में रात को रुके भी हैं। ऐसे में उनका रायपुर में रोड शो कराने की तैयारी है। इसके लिए रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने उनसे धमतरी की सभा में खुद आग्रह भी किया था। इसके बाद प्रदेश संगठन ने इसका प्रस्ताव बनाकर पीएमओ को भेजा है। इस प्रस्ताव के साथ ही तीसरे चरण के लिए दो और सभाओं का भी प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें से एक सभा कोरबा और एक सभा दुर्ग लोकसभा में कराने का प्रस्ताव है।

### प्रियंका की मांगी तीन सभाएं

कांग्रेस ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की तीन सभाओं मांगी हैं। सरगुजा, रायगढ़ और कोरबा में सभा कराने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। वहां से इसकी मंजूरी मिलने पर सभाओं की तैयारी की जाएगी।

## आमने/सामने

### पीएम बौखलाहट में लगा रहे हैं आरोप

**अलका लांबा**



*अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा, प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, अपनी हार को देखकर बौखला गए हैं। प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे, कांग्रेस के न्याय पत्र में मुस्लिम लीग, मुसलमानों को संपत्तियां देना, हिंदू मुस्लिम कहना, कुछ भी आरोप बौखलाहट में लगाए चला जा रहे हैं।*

### कांग्रेसी पीएम पर व्यक्तिगत आरोप लगा रहे

**केदार कश्यप**



*कांग्रेस नेता अलका लांबा के भाजपा पर आरोप लगाए जाने पर प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस में निजी और व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने की कोशिश की है। किसी ने खून का प्यासा कहा, किसी ने सर फोड़ने की बात कही, किसी ने चौकीदार, चोर बताया है, यह उनकी मानसिकता है।*

# देवेन्द्र सबसे अमीर, निर्दलीय प्रत्याशी घनश्याम भाजपा के तोखन से आगे

### बिलासपुर लोकसभा में कई ऐसे भी उम्मीदवार जिनकी कुल संपत्ति 20 हजार

**बिलासपुर लोकसभा सीट से कुल 37 उम्मीदवार मैदान में, 7 मई को मतदान**

**कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों की पत्नियां भी धनवान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा उम्मीदवारों में से सबसे अधिक संपत्ति कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पास है। कांग्रेस उम्मीदवार ने एक करोड़ 77 लाख 80 हजार रुपए की चल-अचल संपत्ति बताई है। वहीं भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू ने एक करोड़ 3 लाख 92 हजार 744 रुपए की घोषणा की है। हालांकि इन दोनों प्रत्याशियों को निर्दलीय प्रत्याशी घनश्याम भारद्वाज संपत्ति के मामले में टक्कर दे रहे हैं। संपत्ति के मामले में वह दूसरे स्थान पर हैं और उन्होंने करीब डेढ़ करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति की जानकारी दी है।

यही नहीं कई ऐसे भी उम्मीदवार हैं जो कि कुल 20 हजार, 30 हजार और 50 हजार रुपए की संपत्ति लेकर इस चुनाव में उतरे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। हाईप्रोफाइल बिलासपुर संसदीय सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी तोखनराम साहू और कांग्रेस के देवेंद्र यादव के बीच सीधा मुकाबला लगभग तय है। हालांकि 35 और उम्मीदवार मैदान में हैं और कुल 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

### क्रशर संचालक, किसान भी मैदान में

बिलासपुर लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे घनश्याम भारद्वाज धूमा निवासी हैं। उन्होंने जीत के दावे के साथ अपनी कुल संपत्ति करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई है। इसी तरह बेलगहना निवासी विजय कुमार भी लोकसभा चुनाव के लिए ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने अपनी संपत्ति की घोषणा में बताया है कि उनके पास 10 हजार नगदी है तो कुल 20 हजार की संपत्ति है। मुंगेली जिले के अमोरा निवासी कुलेश कुमार साहू के पास कुल 50 हजार रुपए है।



कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव



उम्मीदवार तोखन साहू

### देवेन्द्र से ज्यादा उनकी पत्नी के पास संपत्ति

देवेन्द्र यादव से ज्यादा उनकी पत्नी श्रुतिका ताम्रकार यादव के नाम पर करीब 4 करोड़ रुपए की चल-अचल संपति है। भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू की पत्नी के पास करीब 19 लाख की चल-अचल संपत्ति है।

### कोरिया, जांजगीर निवासियों ने भी भरा नामांकन

*बिलासपुर लोकसभा सीट से दूसरे जिलों के और लोकसभा के उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल किया है। इसमें चिरमिरी के भरतपुर सोनहत की निवासी दीपमाला चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी की ओर से मैदान में है। 12वीं पास दीपमाला ने अपनी कुल संपत्ति की घोषणा 20 हजार रुपए की है जो की उनके हाथ में नकदी है। जांजगीर जिले के बलौदा निवासी संजय कुमार साहू निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। साहू ने 55 हजार रुपए नगदी और 5 एकड़ जमीन की संपत्ति की घोषणा की है।*

### साहू समाज के सात उम्मीदवार मैदान में

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को उन्हीं के समाज के 7 और उम्मीदवार टक्कर दे रहें हैं। इसमें अशवंत साहू, रूपराम साहू, नवीन कुमार साहू, संजय कुमार साहू, राजकुमार साहू, कुलेश कुमार साहू और रामेश्वर साहू मैदान में हैं। इसके साथ ही बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में एससी समाज के तीन लाख से अधिक वोट है। इन वोटों के ध्रुवीकरण के लिए शालिक राम जोगी, भागवत पात्रे, राजेंद्र कुमार टंडन, शैलेंद्र बंजारे, कमल प्रसाद जांगड़े, आशुतोष कुमार लहरे, विकास खांडेकर, महेश सोनवानी, घनश्याम भारद्वाज ने नामांकन दाखिल किया है।

### 7 बार कांग्रेस और 8 बार भाजपा को मिली है जीत

1951 से 2019 तक बिलासपुर लोकसभा सीट पर हुए कुल 15 चुनावों में 7 बार कांग्रेस और 8 बार भाजपा जीत चुकी है। यानी इस बार कांग्रेस जीती, तो भाजपा के साथ उसकी जीत-हार का हिसाब बराबर होगा। बता दें कि 2019 में भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को 1,41,763 वोटों से हराया था। अरुण साव को 6,34,559 यानी 53 फीसदी वोट और अटल श्रीवास्तव को 4,92,796 यानी 41 फीसदी वोट मिले थे। वहीं, तीसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी के उत्तम दास रहे, जिन्हें 21,180 वोट मिले थे।

## 'फंड फॉर वोट' मामले में अजित को राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग ही माहौल बना हुआ है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं चुनाव आयोग भी सख्त रुख अपनाए हुए है। इस बीच बारामती लोकसभा सीट पर राजनीतिक हलचल जारी है। यहां के निर्वाचन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शुरुआती जांच में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा फंड से वोट मांगने पर की गई टिप्पणी के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं है। शरदचंद्र पवार के नेतृत्व वाली एनसीपीएसपी ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव आयोग में आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।



### यह कहा था अजित ने

*दरअसल, बारामती निर्वाचन क्षेत्र के इंदापुर में एक चुनावी रैली में अजित पवार ने हाल ही में कहा था, 'जहां तक फंड का सवाल है, हम आपको जितना चाहें उतना देने में सहयोग करेंगे। लेकिन इसके लिए ईवीएम का बटन बड़ी संख्या में दबाना होगा। अगर ईवीएम का बटन अधिक से अधिक दबाया जाएगा तो मुझे भी धन आवंटित करना अच्छा लगेगा, नहीं तो मुझे खुद को रोकना होगा।'*

## तेजस्वी सूर्या ने धर्म के नाम पर वोट मांगा, केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या की मुश्किलें बढ़ गई हैं। धर्म के आधार पर वोट मांगने के आरोप में चुनाव आयोग (ईसी) ने तेजस्वी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने धर्म के आधार पर वोट मांगे थे। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लिखा, "एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करने और धर्म के आधार पर वोट मांगने के लिए सांसद और बेंगलुरु साउथ के उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ जयनगर पुलिस स्टेशन में 25.04.24 को धारा 123(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### यह कहा था तेजस्वी ने

*बेंगलुरू दक्षिण सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को कहा कि हालांकि भाजपा के पास 80 फीसदी लोग हैं जो पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन केवल 20 फीसदी लोग ही उसे वोट देते हैं और जबकि कांग्रेस के पास केवल 20 फीसदी लोग हैं। जो लोग पार्टी का समर्थन करते हैं, उनमें से 80 प्रतिशत लोग पार्टी को वोट देते हैं।*

## मेरा अगला जन्म शायद पश्चिम बंगाल में होगा

*ममता पर हमला करते हुए बोले मोदी*

एजेंसी ▶▶ मालदा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा की चुनावी रैली में कहा कि आप सब इतना प्यार दे रहे हैं, ऐसा लगता है मैं पिछले जन्म में या तो बंगाल में पैदा हुआ था या अगले जन्म में बंगाल की किसी मां की गोद से पैदा होने वाला हूं. मुझे इतना प्यार कभी नसीब नहीं हुआ. सभा में मोदी ने फिर कहा कि, कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है।

### कांग्रेस आपकी संपत्ति बांट देगी

मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है।

## बीजेपी उम्मीदवार का नामांकन रद्द

**कोलकाता।** बंगाल में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बीरभूम लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन रद्द हो चुका है। बीजेपी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर को उम्मीदवार बनाया था। वहीं अब उनकी जगह पार्टी ने देबतनु भट्टाचार्य को नया उम्मीदवार बनाया और उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने तकनीकी आधार पर नामांकन रद्द किया है। इस बीच देबाशीष धर ने जिला निर्वाचन अधिकारी के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया है उन्होंने कहा, "कुछ तकनीकी कारणों से मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है।

## 'आजकल मोदी घबराए हैं, कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएंगे'

*कर्नाटक में बोले राहुल गांधी*



**बीजापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा. राहुल ने बीजापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों पीएम मोदी अपने भाषणों में बहुत घबराए हुए लगते हैं। शायद अगले कुछ दिनों में स्टेजपर ही उनके आंसू निकल आएं। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी चौबीसों घंटे आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। किसी दिन वह पाकिस्तान और चीन की बातें करेंगे। किसी दिन वह आपको थाली बजाने को कहेंगे और मोबाइल की फ्लैश लाइट ऑन करने को कहेंगे।

### मोदीजी ने 20-25 लोगों को बनाया अरबपति

राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 साल में 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन्होंने एयरपोर्ट-पोर्ट, बिजली, खदान, सोलर-विंड पावर, डिफेंस सेक्टर. सब कुछ अडानी और उनके जैसे अरबपतियों को सौंप दिया है। लेकिन गरीबों को कुछ नहीं दिया। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने जो भी गारंटियां दी थीं. उसे पूरा कर दिखाया है। आपकी तालियां इस बात का सबूत हैं।

**सांसद विकास निधि में हरियाणा का रिकॉर्ड सबसे खराब, कई हैरान करने वाले आंकड़े**

# सांसदों ने जनता के काम पर खर्च किया 20 साल में सबसे कम पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 जारी हैं। सांसद कई जगह अपने काम के नाम पर वोट मांग रहे हैं और जनता भी चर्चा कर रही है कि सांसद ने क्या किया? लेकिन, अगर सांसदों को जनता के विकास पर खर्च करने के लिए मिलने वाली रकम (एमपीएलएडी) की बात करें तो 17वीं लोकसभा के सांसदों का रिकॉर्ड काफी खराब है। 16वीं लोकसभा के मुकाबले 17वीं लोकसभा में दोगुनी रकम सांसद खर्च नहीं कर सके। एमपीएलएडी को



सांसद विकास निधि भी कहा जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि 17वीं लोकसभा में सांसद विकास निधि के तहत दी गई रकम 16वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान दी गई रकम से बहुत कम थी। लेकिन इसके बावजूद भी सांसद जनता के विकास पर इस रकम को खर्च नहीं कर सके। आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह भी पता चलता है कि 2019 में चुने गए सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में सांसद विकास निधि में से 96.3 प्रतिशत पैसे का इस्तेमाल किया जबकि 16वीं लोकसभा में यह आंकड़ा 99% और 15वीं लोकसभा में आंकड़ा 102.7% था। सांसद निधि खर्च करने में हरियाणा का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा है जबकि आंध्र प्रदेश के सांसदों ने सबसे ज्यादा फंड खर्च किया है।

### कितना पैसा खर्च नहीं हुआ यह इस टेबल में देखिए

| लोकसभा | कुल आवंटित धन | कितना खर्च नहीं हुआ (करोड़ में) | कितना खर्च नहीं हुआ (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| 14वीं लोकसभा | 14,482 | 143 | 0.99 |
| 15वीं लोकसभा | 10,926 | 379 | 3.47 |
| 16वीं लोकसभा | 14,043 | 1,228 | 8.74 |
| 17वीं लोकसभा | 5,185 | 842 | 16.24 |

### सांसदों ने एमपीलैड का कितना प्रतिशत पैसा खर्च किया

| राज्य | खर्च प्रतिशत में | राज्य | खर्च प्रतिशत में |
|---|---|---|---|
| हरियाणा | 74 | आंध्र प्रदेश | 131 |
| जम्मू-कश्मीर | 77.5 | गुजरात | 109 |
| तेलंगाना | 78 | कर्नाटक | 107.9 |
| पश्चिम बंगाल | 80 | हिमाचल प्रदेश | 105 |

### कोरोनाकाल में रोक दी गई थी रकम

कोरोना के चलते 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान विधायकों और सांसदों को मिलने वाली इस निधि को 18 महीने तक के लिए रोक दिया गया था। नवंबर, 2022 में इसे फिर से चालू कर दिया गया था। नवंबर 2022 के बाद से अप्रैल 2024 तक भी सांसदों ने इसे खर्च करने में तेजी नहीं दिखाई वरना 17वीं लोकसभा के दौरान बचे हुए 842 करोड़ रुपए को जनता पर खर्च किया जा सकता था।

### क्या होती है सांसद विकास निधि?

सांसद विकास निधि (एमपीएलएडी) केंद्र सरकार की योजना है जिसमें सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में हर साल 5 करोड़ रुपए तक के विकास कार्य करा सकते हैं। यह रकम लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सांसदों को मिलती है। सासंदों के अलावा विधायकों को भी उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए सरकार की ओर से रकम दी जाती है। यह हर राज्य में अलग-अलग है। जैसे- दिल्ली में कोई विधायक हर साल 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवा सकता है जबकि पंजाब और केरल में यह आंकड़ा 5 करोड़ रुपए है। उत्तर प्रदेश के विधायकों को हर साल दो से तीन करोड़ रुपए इस निधि के तहत मिलते हैं।

26- APR- K&C- MAIN- Pg- 7 RAJDHANI_Layout 1 4/26/2024 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### राजस्व मंत्री वर्मा ब्लास्ट में घायल श्रमिकों से मिलने पहुंचे अस्पताल

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

### धान संग्रहण के लिए कृषि विवि को राष्ट्रीय अवार्ड

**रायपुर।** 59वें राष्ट्रीय धान कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को धान के जर्मप्लाज्म, संग्रहण, संरक्षण और इनका प्रजनक कार्यक्रम में बेहतर उपयोग के लिए विशेष अवार्ड से कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विभाग अध्यक्ष पौध प्रजनन विभाग डॉ. दीपक शर्मा और समस्त धान वैज्ञानिक धान अनुसंधान को सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय में धान का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा 23250 धान के किस्मों का संग्रहण मौजूद है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के सहयोग से पौधा किस्म संरक्षण और किसान अधिकार प्राधिकरण, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा किसानों को भारत में दूसरा सबसे ज्यादा किस्मों के पंजीकरण सर्टिफिकेट मिल चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा धान की नई किस्मों का विकास उत्परिवर्तन प्रजनक विधि, स्पीड ब्रीडिंग और स्मार्ट ब्रीडिंग में जर्मप्लाज्म के बेहतर उपयोग द्वारा नई किस्मों का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में धान के जनन द्रव्य से प्रथम औषधीय धान किस्म, जो मानव शरीर के लिए रोग प्रतिरोधक व कैंसर के लिए काफी मददगार है।

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर कल

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

# 20 किमी तक टिकट बुकिंग का नियम खत्म, एप से अब कहीं भी खरीद सकते हैं ई-टिकट

## ई-टिकट खरीदने के नियमों में रेलवे ने किया बदलाव, खत्म हुआ जियो फेसिंग लिमिट

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अब ई-टिकट खरीदने के लिए स्टेशन में 20 किलोमीटर दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे ने अब अनारक्षित ई-टिकट खरीदने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे ने तत्काल प्रभाव से जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। मतलब अब यात्रियों को टिकट बुकिंग करते समय प्लेटफॉर्म से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे कहीं भी अनारक्षित कोच के लिए टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर पाएंगे। बता दें कि रायपुर में रोजाना 10 हजार से अधिक यात्री यूटीएस एप के जरिए ई-टिकट खरीदते हैं, लेकिन पुराने नियम के अनुसार 20 किलीमीटर की दूरी तक ही एप के जरिए यात्री टिकट बुक कर पाते थे। स्टेशन पहुंचने पर फोन से ई-टिकट खरीदने की सुविधा नहीं मिलती थी। इस वजह से स्टेशन



में टिकट खरीदने लंबी लाइन में लगना पड़ता था। नियमों के बदलाव के बाद अब ऐसा नहीं होगा।

यूटीएस ऑन मोबाइल एप से ई-टिकट बुकिंग के लिए आउटर सर्किल दूरी की बाध्यता को समाप्त किए जाने के साथ प्लेटफॉर्म टिकट के लिए 5 किमी सीमा को खत्म कर दिया गया है। लोग स्टेशन की सीमा के 5 किलोमीटर बाहर जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट को एप के जरिए बुक कर पाएंगे। ट्रेन टिकट के लिए अब यात्री 20 किमी की सीमा के भीतर टिकट बुकिंग कर सकते हैं। रेलवे ने यह कदम पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। इसीलिए ऐप के फीचर्स में बदलाव किया गया है।

लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने के लिए रायपुर मंडल में रोजाना 10 हजार से अभी अधिक यात्री ऑनलाइन ई-टिकट खरीदते हैं। नियमों के बदलाव से एप की उपयोगिता बढ़ेगी और साथ ही काउंटर में भी यात्रियों की भीड़ कम होगी। बता दें कि मंडल में 4 टिकट काउंटर को बंद कर दिया गया है, लेकिन 3 टिकट काउंटर से ही यात्री अनारक्षित टिकट खरीदते हैं। ऐसी स्थिति जोन के सभी मंडलों में है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग बढ़ने से काउंटर में यात्रियों का दबाव कम होगा।

### जियो फेसिंग लिमिट खत्म

रेलवे बोर्ड ने जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। अनारक्षित कोच से सफर करने वाले यात्री कहीं से भी अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक कर सकते हैं। जोन में हजारों यात्रियों को इसका लाभ होगा।

**– विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

## चुनाव आचार संहिता में फंसा नई कार्यकारिणी का गठन इसलिए ऐसा हाल

# गोल्डन बुक में छग का नाम दर्ज कराने वाले 60 योग गुरुओं का अटका मानदेय

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य ने योग आयोग गठन होने के बाद नई उपलब्धि भी हासिल की है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले 60 योग गुरुओं को 6 महीने से मानदेय नहीं मिल रहा है। यह स्थिति नए वित्तीय वर्ष की अनुदान राशि नहीं मिलने से बन रही है। नई कार्यकारिणी का गठन नहीं होने से योग गुरुओं का 28 लाख से ज्यादा का मानदेय भुगतान अटका है। अभी आयोग की गतिविधियां सचिव के भरोसे हैं। इससे योग गुरु सेंटर्स का संचालन तो कर रहे, लेकिन मानदेय का भुगतान फंड के अभाव में नहीं किया जा रहा है।

भारत सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग का गठन कियाा गया। इसके लिए राज्य आयोग अध्यक्ष सहित सचिव को भी जिम्मेदारी दी गई। इनके द्वारा राजधानी में ही 70 में से 35 वार्डों में योग प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इससे हर सेंटर में कहीं 60 तो किसी सेंटर में 100 से भी ज्यादा स्वास्थ्य प्रेमी योग साधना के लिए अभी भी पहुंच रहे हैं। उनको योग के आसनों की जानकारी के साथ ही योग आसन करने से होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी जाती हैं। साथ ही योग गुरु अलग-अलग क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों



को योग से जोड़ने के लिए जागरूक भी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें विगत कई महीनों से मानदेय के रूप में प्रति गुरुजी 8 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण योग गुरु आयोग के हर महीने चक्कर लगा रहे हैं।

सरकार से योग आयोग का संचालन करने के लिए 3 करोड़ की अनुदान राशि मिलती है। इससे ही राज्य आयोग के पदाधिकारियों के साथ ही कार्यालय कर्मियों को भी वेतन दिया जाता है। आयोग को 60 गुरुओं को मानदेय देने पर ही हर महीने 4 लाख 80 हजार का भुगतान देना पड़ता है। योग गुरुओं का करीब 28 लाख 80 हजार का भुगतान अटका है। इसके बाद भी लोगों को योग प्रशिक्षण देने वाले हर महीने आयोग में मानदेय की जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। अभी कार्यालय की जिम्मेदारी भी सचिव के भरोसे है।

सूत्रों ने बताया कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से सरकार ने नई कार्यकारिणी बनाने की प्रक्रिया में रुचि नहीं ली। इसके पहले से ही मानदेय देने में फंड अभाव की स्थिति बनने लगी थी। नई सरकार ने अभी तक नए वित्तीय वर्ष का अनुदान भी नहीं दिया। इसके चलते संचालन व्यवस्था यथावत रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी आर्थिक दिक्कतें हो रही है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभाव योग गुरुओं पर पड़ रहा है। प्राइवेट संस्थानों में सेवा देने वाले योग गुरुओं को मानदेय का इंतजार है।

बीते 10 सितंबर 2023 को बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में 2000 से अधिक योग साधकों ने सेतुबंध आसन का प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। इसके लिए आयोग ने टीम वर्क करके गुरुओं के साथ 2 हजार से ज्यादा साधकों को सेतुबंध आसन का एक ही समय में एक साथ प्रदर्शन के लिए पारंगत किया। इसके लिए कई दिनों तक सेंटर्स में अभ्यास का दौर चलाया। इसमें हर जाति-धर्म के लोगों ने हिस्सेदारी की।

### अधिकारियों को दी गई है जानकारी

नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया अभी नहीं हुई है। चालू वित्तीय वर्ष की अनुदान राशि भी नहीं मिली है। इससे मानदेय देने में फंड अभाव की स्थिति है। इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई है।

**– एमएल पांडेय,** सचिव, राज्य योग आयोग, रायपुर\



# गंगरेल बांध से पानी रोका तो शहर में काठाडीह-मुर्रा के एनीकेट से सप्लाई शुरू

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

खारुन नदी में गंगरेल बांध के नहर का पानी अचानक बंद कर देने से राजधानी रायपुर में पानी सप्लाई का संकट गहराने लगा था। यह समस्या गंभीर हो सकती थी, अगर समस्या से निजात दिलाने नगर निगम प्रशासन कदम उठाने में देर करता। निगम ने पानी की सप्लाई निरंतर जारी रहे इसके लिए काठाडीह और मुर्रा गांव में बने एनीकेट के गेट खुलवा दिए हैं, जिसके बाद शहर में पानी की सप्लाई शुरू तो हो गई है, लेकिन पानी की समस्या अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है, क्योंकि गंगरेल का पानी अब तक रायपुर नहीं पहुंचा है। शहरभर में पानी की सप्लाई रायपुरा के पास स्थापित फिल्टर प्लांट से होती है। इसके लिए प्लांट के नजदीक वाले एनीकेट से पानी लिया जाता है। इस एनीकेट में गंगरेल बांध से नहर से छोड़े जाने वाला सिंचाई विभाग का पानी भी आता है। सिंचाई विभाग ने गंगरेल बांध में मरम्मत के नाम पर अचानक नहर का पानी छोड़ना बंद कर दिया है, जिसके कारण रायपुर फिल्टर प्लांट के एनीकेट में पानी सूखने लगा था। इधर इसकी जानकारी निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को मिली। गंगरेल से पानी बंद करने से पहले सिंचाई विभाग ने इसकी सूचना भी निगम को नहीं दी थी। इस कारण शहर में पानी सप्लाई भी प्रभावित होने लगी थी। आयुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने के बाद काठाडीह और मुर्रा गांव में बने दोनों एनीकेट के गेट खुलवा दिए हैं। इन दोनों एनीकेट का पानी अब फिल्टर प्लांट के एनीकेट पहुंचेगा, जिससे शहर में शनिवार तक पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

**गंगरेल से छोड़ा गया पानी**

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त की नाराजगी के बाद गंगरेल बांध से भी पानी छोड़ा गया है, जो धमतरी के चटोड नहर के रास्ते खारुन में लाया जा रहा है। खारुन नदी में ही तर्रीघाट के पास एनीकेट बना हुआ है। नहर का पानी पहले तर्रीघाट में जमा होगा, जहां उसे फिल्टर प्लांट के एनीकेट तक लाया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि तर्रीघाट एनीकेट अभी बंद है। गंगरेल से पानी पहुंचने के बाद उसे भी खुलवाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि शहर में पानी की कमी की समस्या दूर हो। बताया जा रहा है कि गंगरेल से पानी छोड़ दिया गया है, लेकिन उसे रायपुर तक आने में एक-दो दिन का और समय लग सकता है, तब तक शहर में पानी की समस्या बनी रहेगी।

### आज-कल में आ जाएगा गंगरेल का पानी

गंगरेल से पानी छोड़ने आवेदन किया गया था, जिसके बाद छोड़ा गया है। रायपुर फिल्टर प्लांट एनीकेट तक आज-कल में आ जाएगा, जिसके बाद सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

**– सतनाम पनाग,** एमआईसी सदस्य, जलकार्य विभाग\

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू, डंडा से हमला

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को

### घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।

### अखाड़ा में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।

### छत्तीसगढ़ चैंबर की विशेष आमसभा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1 बजे चैंबर की विशेष आमसभा एवं दोपहर 3 बजे आमसभा का आयोजन चैंबर कार्यालय चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बॉम्बे मार्केट में आयोजित है। चैंबर पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे समय पर अवश्य उपस्थित हों।

# रविवि में शुरू होगा सिंधी में एमए, देश में जहां ये पाठ्यक्रम संचालित, वहां से लिए जाएंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सिंधी भाषा में एमए की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला है। जुलाई से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत हो सकती है। इसके लिए रविवि ने तैयारी आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन पाठ्यक्रम के संचालन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी मिलते ही इसमें प्रवेश सहित अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। फिलहाल रविवि में सिंधी भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। गुरुवार को इसके परिणाम जारी किए गए, जिसमें सभी छात्रों ने सफलता हासिल की है। देशभर में ऐसे शैक्षणिक संस्थानों की संख्या मात्र 4 है, जहां सिंधी भाषा में एमए की उपाधि दी जा रही है। जिन संस्थानों में यह पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, वहां से जानकारी जुटाई जा रही है। सिलेबस, रेफरेंस बुक सहित अन्य तरह की जानकारी एमए सिंधी के लिए एकत्र की जा रही है। रविवि यूटीडी में भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत ही इसका संचालन होगा। संबद्ध महाविद्यालयों के स्थान पर सिर्फ विवि अध्ययनशाला में ही इसकी पढ़ाई होगी।


**रविवि पहला संस्थान**

छत्तीसगढ़ में एमए सिंधी की पढ़ाई शुरू करने वाला रविवि पहला संस्थान होगा। रविवि के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य किसी विश्वविद्यालय में फिलहाल इसका संचालन नहीं हो रहा है। इसमें दाखिले प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 के लगभग रह सकती है। इसके लिए विस्तृत अधिसूचना उच्च स्तर पर अनुमति मिलने के बाद ही जारी होगी। डिप्लोमा इन सिंधी को छात्रों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में प्रबंधन को उम्मीद है कि डिग्री पाठ्यक्रम को भी अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

**एमकॉम भी नए सत्र से**


नए सत्र से रविवि द्वारा एमकॉम की भी शुरुआत की जा रही है। यह पहला मौका होगा, जब यूटीडी में वाणिज्य संकाय की एंट्री होगी। अब तक यहां कॉमर्स संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम का अध्ययन-अध्यापन नहीं होता रहा है।


निःसंतान दम्पत्ति एवं महिलाएं ध्यान दें



लेप्रोस्कोपी सर्जरी
(दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन)

- बच्चेदानी का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- बच्चेदानी की गांठ को निकालना
- अण्डाशय की चॉकलेट सिस्ट को निकालना
- ओवेरियन सिस्ट को निकालना
- फिलोपियन ट्यूब में पानी भर जाना
- बंद फिलोपियन ट्यूब खोलना शेष भाग का
- बांझपन निदान
- दूरबीन पद्धति द्वारा नसबंदी



हिस्ट्रोस्कोपी सर्जरी
(दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन)

- अत्याधिक रक्त स्त्राव
- बार-बार गर्भपात होना
- बच्चेदानी में दीवार को हटाना
- बच्चेदानी के अंदर की गठान
- बच्चेदानी में मस्सा
- बंद फिलोपियन ट्यूब खोलना अग्रभाग का
- बच्चेदानी की टी.बी.
- कॉपर-टी का अपने जगह से खिसक जाना

Faith

हम आपके परिवार को पूरा करते हैं...

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

Life begins here

माखीजा हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक के पास, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 8085758585

# गढ़कलेवा के मेनू से बोरे- बासी गायब

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा के मेन्यू से छत्तीसगढ़ का ठेठ देहाती पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी गायब हो गया है, जिसके कारण लोगों को बोरे बासी का स्वाद भी चखने के लिए नहीं मिल पा रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी को तिहार के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया था। इस तिहार को राज्य में अलग-अलग अंदाज में मनाया गया था, जिसमें मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर मुख्य सचिव, कलेक्टर-एसपी सहित सारे विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारियों ने इस दिन बोरे-बासी खाया था। खाना खाने के साथ इनका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जिसके कारण इस छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली थी। सरकार बदलने के बाद बोरे-बासी की पूछ-परख बंद हो गई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के मेन्यू से ही यह गायब हो गया है।



गढ़कलेवा में 1 मई से मिलेगा बोरे बासी

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट चौक के पास संस्कृति विभाग परिसर में स्थित गढ़कलेवा नाम से एक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का रेस्टारेंट बनाया गया है, जिसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को परोसे जाते हैं। गढ़कलेवा में लोगों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी से लेकर कॉटेज सभी बस्तर के पारंपारिक कलाकृति स्टाइल में बनाया गया है, ताकि यहां पहुंचने वाले लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति व कलाकृति से परिचित होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठा सकें, लेकिन पिछले सालभर से गढ़कलेवा का रखरखाव नहीं होने से इसकी सूरत बिगड़ने लगी है। यहां बस्तर की कलाकृतियों से बने कॉटेज व अन्य कलाकृतियां जंग खाने के साथ टूट-फूट गई हैं। यही नहीं, लकड़ी व बांस से बनाए गए टेबल-कुर्सी सहित अन्य कलाकृतियां भी बेरंग हो चुकी हैं।

कलेक्टोरेट स्थित जिला पंचायत बिल्डिंग परिसर में संचालित गढ़कलेवा के व्यंजनों के मेन्यू से बोरे-बासी का नाम हटा दिया गया है। इसके कारण यहां भी बोरे-बासी अब मिलना बंद हो गया है। इस गढ़कलेवा की संचालक विनीता पाठक ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 1 मई को बोरे-बासी लोगों को परोसा गया था। इसके बाद कुछ दिनों तक बोरे-बासी की मांग रही, लेकिन बाद में इसकी मांग कम हो गई, जिसके कारण बोरे-बासी रखना बंद कर दिया है। इस गर्मी के सीजन में भी मांग अभी नहीं है। 1 मई को श्रमिक दिवस पर बोरे-बासी व्यंजन बनाया जाएगा।

राज्य में बोरे-बासी तिहार मनाये जाने के बाद गढ़कलेवा के साथ कई छोटे-बड़े होटल व रेस्टोरेंट में भी बोरे-बासी मिलने लगा था, लेकिन अब उन होटल-रेस्टोरेंट के मेन्यू से भी यह गायब हो चुका है।

### बोरे-बासी खाने के फायदे

छत्तीसगढ़िया व्यंजन बोरे- बासी खाने से कई फायदे होते हैं। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डि-हाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती। बताया जाता है कि इसे खाने के बाद यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। जिसकी वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है।

## चुनाव ड्यूटी से गायब रहने पर प्रशासन सख्त 3 कर्मचारी निलंबित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

बिना सूचना दिए चुनाव ड्यूटी से गायब रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन अब सख्त रवैया अपनाने लगा है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने ऐसे तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। ये तीनों बिना पूर्व सूचना दिए चुनाव ड्यूटी से गायब थे। इस संबंध में कलेक्टर ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला सोनेसिल्ली में पदस्थ सहायक शिक्षक जानू ध्रुव, उपसंचालक उद्यान कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ कर्मचारी नितेश तुरकने तथा आदिम जाति विभाग कार्यालय रायपुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ राकेश सिंह ध्रुर्वे की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगाई गई थी। तीनों कर्मचारी चुनाव संबंधित अधिकारियों को बिना किसी सूचना के गायब हो गए, जिसके कारण चुनाव संबंधी कार्य प्रभावित हुए। कलेक्टर ने इसे कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही मानते हुए उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है।

विदित हो कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जिले में 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान के दिन बिना पूर्व सूचना दिए ड्यूटी से गायब हो गए थे। इन सभी की ड्यूटी मतदान केंद्रों में लगाई गई थी, जिनमें करीब 20 पीठासीन अधिकारी भी शामिल थे। प्रशासन ने इन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के जवाब में सभी ने तबीयत खराब का हवाला दिया था। इसकी कोई मेडिकल जांच तक नहीं कराई गई थी कि वे लोग सही बोल रहे या बहाना बना रहे हैं। इस तरह सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भविष्य में ऐसी गलती न करने की चेतावनी देकर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

## साव बोले- सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया, अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम पर फैसला सुना दिया है। अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा है। आज तक एंटी इंकमबेंसी जनता ने सुनी थी, प्रो. इंकमबेंसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धि है। आज के मतदान से स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में शून्य पर आउट होने वाली है।



श्री साव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर के बाद अब कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। श्री साव ने कहा, शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है।

श्री साव ने कहा, पहले और दूसरे चरण के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में मतदान के तीसरे और अंतिम चरण में कार्यकर्ता और अधिक उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाएंगे और दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चाँपा और कोरबा में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के दंश से लहूलुहान बस्तर संभाग के कांकेर संसदीय क्षेत्र के साथ ही राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता ने एक ओर जहां अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने के अभियान को आगे बढ़ाया है।

### दो साल से पीड़ित थी, ह्रदय या न्यूरो की बीमारी का था खतरा

# रीनल हाईपरटेंशन रोगी का पहला ट्रांसप्लांट, लाडली को मां ने दी किडनी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

अंग प्रत्यारोपण करने वाली एकमात्र शासकीय संस्था एम्स में पहली बार रीनल हाईपरटेंशन से पीड़ित युवती का सफलता पूर्वक ट्रांसप्लांट किया गया। 25 साल की लाडली को मां ने अपनी एक किडनी प्रदान की। दो साल से इस समस्या से पीड़ित युवती को तत्काल प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी नहीं तो उसे ह्रदय अथवा न्यूरो से संबंधित बीमारी का खतरा था।

लाइव के साथ ब्रेनडेड मरीजों से मिले अंग प्रत्यारोपण में शासकीय स्तर पर एम्स अग्रणी संस्थान बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कोरबा में रहने वाली 25 वर्षीय युवती किडनी के सामान्य रूप से काम नहीं करने की शिकायत लेकर एम्स में दाखिल हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि वह पिछले दो साल से इस समस्या से पीड़ित है और उसे तुरंत किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। प्रारंभ में उसे हफ्ते में तीन बार डायलिसिस की जरूरत थी। उसका ब्लड प्रेशर भी 150 से 250 एमएमएचजी रहता था, जिससे उसे ह्रदय संबंधी या न्यूरो की बीमारी का खतरा था। गंभीर हालत को देखते हुए मां किडनी देने को



तैयार हो गई। इसके बाद विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई, जिसने लेप्रोस्कोपिक तकनीक की मदद से कार्य नहीं कर रही किडनी को हटाकर नई किडनी ट्रांसप्लांट की। यह ऑपरेशन जटिल था, परंतु एम्स के नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और एनेस्थिसिया विभाग के चिकित्सकों ने मिलकर सफल ट्रांसप्लांट किया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने सफल ट्रांसप्लांट के लिए चिकित्सकों की टीम को बधाई दी है। इस प्रत्यारोपण को डॉ. अमित शर्मा, डॉ. दीपक कुमार बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डॉ. सुब्रता कुमार सिंघा, डॉ. मयंक कुमार, डॉ. जितेंद्र, डॉ. रोहित, डॉ. ज्योति अग्रवाल, नर्सिंग ऑफिसर रामनिवास, बी. किरन, सोनू, विशोक और विनिता की टीम ने मिलकर पूरा किया।

### अधेड़ मरीज का ट्रांसप्लांट भी

एम्स ने भिलाई के 45 वर्षीय रोगी को कैडेवर किडनी का सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया। यह रोगी तीन वर्ष से किडनी के गंभीर रोग (सीकेडी) से पीड़ित था और नियमित डायलिसिस की जरूरत पड़ रही थी। किडनी मिलने पर अब वह सामान्य जीवन व्यतीत कर सकेगा। स्वस्थ होने के बाद दोनों मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

### जल, तनाव और बदलती दिनचर्या कारण

एम्स के नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि जल प्रदूषण, तनाव और बदलती दिनचर्या की वजह से युवा वर्ग में रीनल हाईपरटेंशन के रोगी बढ़ रहे हैं। उन्होंने तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, प्रदूषित जल से बचने और जंक फूड न खाने की सलाह दी। यहां अब तक 25 किडनी प्रत्यारोपण कर जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान किया जा चुका है।

## देश में भाजपा की कोई लहर नहीं, अलका ने किया दावा

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक अलका लांबा ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में पूरे देश में भाजपा की कहीं कोई लहर नहीं है। राजधानी रायपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने ये बात कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच न्याय और 25 गारंटी पर यह चुनाव लड़ रही है। पांच न्याय नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक मजदूर न्याय, हिस्सेदारी भागीदारी न्याय जैसे पांच न्याय और 25 गारंटी जैसे कांग्रेस मैदान में है।



उन्होंने कहा कि आप का एक वोट देश को संविधान बचाने के लिये है। एक कीमती वोट देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये है। जो हक अधिकारो को संविधान में दिये गये है और लोकतंत्र की आवाजो को जिसको देश में बैठकर एक तानाशाह सरकार कुचल रही है उसे हमे बचाना है। भाजपा का 400 सीटों का दावा खोखला साबित हो रहा है। 10 साल कुशासन के, 10 साल अन्याय काल के, 10 साल तानाशाही के गुजरे। ये चुनाव देश का चुनाव है, यह मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दे हैं।

भाजपा के कार्यकाल पर राहुल की यात्रा भारी

अलका लांबा ने कहा कि एक तरफ अन्याय के 10 साल दूसरी तरफ पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो और भारत जोड़ो न्याय यात्रा है। 10 साल के भाजपा के अन्याय काल पर कांग्रेस के 10 हजार किलोमीटर की यात्रा भारी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का जुमला पत्र बंद कमरे में 20 दिन में तैयार किया गया। कांग्रेस का घोषणा पत्र जो न्याय पत्र है जो 10 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक या मणीपुर से महाराष्ट्र तक। जो भी किसान, युवा, महिला, सरहद के जवान उनके साथ हो रहे 10 साल के अन्याय को सुना गया और कांग्रेस के न्याय पत्र में उनका जिक्र किया गया।

### सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस के लिए खुला आवेदन पोर्टल

**रायपुर।** यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2024 के लिए आवेदन लिंक खोल दिया गया है। वे कैंडिडेट्स जो इस एग्जाम के लिए आवेदन करना चाहते हों, वे ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक 24 अप्रैल को खोला गया है और फॉर्म भरने की लास्ट डेट 14 मई है। कैंडिडेट्स इस तारीख के पहले बताए गए प्रारूप में फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद एप्लीकेशन करेक्शन विंडो खोली जाएगी। इसके लिए 15 से 21 मई तक का समय दिया गया है। सीएपीएफ लिखित परीक्षा का आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा। इस दिन सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस में असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए परीक्षा आयोजित होगी। इसके तहत बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के लिए कैंडिडेट्स का सेलेक्शन होगा। आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी अपलोड करने होंगे। निर्धारित फीस का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही करना होगा। परीक्षा पैटर्न, सिलेबस सहित अन्य जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर यूपीएससी द्वारा अपलोड कर दी गई है।

## जेईई एडवांस्ड के लिए आवेदन आज से, 7 मई तक है समय

**रायपुर।** देशभर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में संचालित होने वाले बैचलर डिग्री कोर्सेस में इस साल दाखिले के लिए आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू होगी। आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जेईई मेन में क्वालिफाई करने वाले छात्र अपना पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट, jeeadv.nic.in पर निर्धारित अंतिम तिथि 7 मई तक कर सकेंगे। आईआईटी मद्रास द्वारा जारी जेईई एडवांस्ड 2024 सूचना-पुस्तिका के अनुसार आईआईटी दाखिले की इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन में अधिकतम 2,50,000 रैंक प्राप्त होना चाहिए। यह संख्या सभी श्रेणियों को मिलाकर निर्धारित की गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## बैज बोले-पहले और दूसरे चरण की चारों सीटें कांग्रेस जीत रही

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के प्रति साफ दिखा।



भीषण गर्मी में लोग बदलाव करने के लिए घरों से निकल कर वोट डालने आए। छत्तीसगढ़ में अभी तक हुए चारों लोकसभा सीटों में कांग्रेस पार्टी प्रचंड मतों से जीत रही है। आज हुए मतदान में राजनांदगांव से भूपेश बघेल, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, कांकेर से बीरेश ठाकुर चुनाव जीत रहे हैं।

श्री बैज ने कहा, पहले और दूसरे चरण के बाद कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस तीसरे चरण की 7 सीटों पर है। तीसरे चरण की सातों सीटों में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में बेहतर माहौल दिख रहा है। प्रदेश में बदलाव की लहर चल रही है जो दो चरणों में साफ दिखा और तीसरे चरण में भी मतदान मोदी के खिलाफ होगा। श्री बैज ने कहा, प्रधानमंत्री बताएं कि उनके दो कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सरकार के संरक्षण में भाजपा ने गुंडागर्दी कर चुनाव में बाधा पहुंचाने का काम किया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ बूथ पर अभद्रता करने की कोशिश किया। भाजपा राजनांदगांव में हार को देखकर बौखला गई तथा उसने सारी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया था। इसके बावजूद राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल के पक्ष में जमकर मतदान किया है। श्री शुक्ला ने कहा कि अपने प्रत्याशी के खिलाफ पड़ रहे मतदान से बौखलाए भाजपा नेता बूथों में घुसकर लोगों को धमका रहे थे। इस दौरान जब वहां पर पुलिस के आईपीएस अधिकारी इनको रोकने पहुंचे तो उनके साथ भी भाजपा नेता गुंडा गर्दी करने लगे। पुलिस के अधिकारी को मारने की धमकी दी गई ।

# शराब दुकान से बाइक उठाते पकड़ा गया पूछताछ में मिली चोरी की 22 गाड़ियां

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

### चोरी की बाइक को औने-पौने दाम में ग्रामीणों को बेचने के साथ ओडिशा में खपाते थे

टिकरापारा थाने की पुलिस ने पांच सदस्यी वाहन चोर गिरोह के कब्जे से 12 लाख रुपए कीमत की चोरी की 22 दोपहिया गाड़ियां जब्त की हैं। जब्त वाहनों में ज्यादातर बाइक शामिल हैं। चोरी के वाहन को बदमाश पब्लिक एरिया में संचालित पार्किंग में छिपा कर रखते थे। इसके बाद ग्राहक मिलने पर औने-पौने दाम पर दोपहिया को बेचने का काम करते थे।

पुलिस के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में मुजगहन में रहने वाले गोवर्धन दास उर्फ विक्की, तारेन्द्र साहू, तेजराम साहू, मोनू बंजारे, रोशन साहू को गिफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इंटर स्टेट बस टर्मिनल तथा टिकरापारा इलाके में आए दिन दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस की एक टीम गठित कर वाहन चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की गई। साथ ही जेल से छूटे वाहन चोरी करने वालों के बारे में जानकारी जुटाकर उन पर नजर रखी गई। पुलिस के अनुसार गोकुल नगर शराब दुकान के पास सादी वर्दी में तैनात पुलिस ने गोवर्धन को एक बाइक का लॉक तोड़कर ले जाने की कोशिश करते पकड़ा।

पूछताछ में गोवर्धन ने अपने अन्य साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी करने वाला यह गिरोह चोरी की दोपहिया को ग्रामीण क्षेत्रों में औने-पौने दाम पर बेचते थे। साथ ही दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज गुम होने का झांसा देकर नया दस्तावेज तैयार कर देने की बात कहकर दस्तावेज देने के नाम पर घुमाते थे।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5494



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरूम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -5493 का हल



## सूडोकु नवताल 5505

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5504 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### रिलायंस के वित्तीय प्रदर्शन की सराहना



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वित्तिय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 45 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,218 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 840 करोड़ रुपये था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 6,488 करोड़ रुपये हो गई।

### बजाज फिनसर्व के शुद्ध लाभ में 20 फीसदी इजाफा

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फिनसर्व लिमिटेड का जनवरी-मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2,119 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को मार्च तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,769 करोड़ रुपये रहा था।

### इंडसइंड बैंक का मुनाफा बढ़कर 2349 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 2,349 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने से बैंक का लाभ बढ़ा है। बैंक को एक साल पहले इसी तिमाही में 2,043 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कुल आय बढ़कर 14,707 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 12,174 करोड़ रुपये थी।

### अर्जस स्टील में हिस्सेदारी खरीदेगी संदूर मैंगनीज

**नई दिल्ली।** संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) शेयर खरीद समझौते के माध्यम से अर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया।

### कैप्रिया को एविग्न से मिला अच्छा रिटर्न

**नई दिल्ली।** कैप्रिया वेंचर्स ने मानव संसाधन प्रौद्योगिकी मंच एविग्न से बाहन होने पर कई गुना रिटर्न मिलने के बाद अपना 153 करोड़ रुपये का 'इंडिया अपॉच्र्युनिटी फंड' बंद कर दिया है। उद्यम पूंजी कंपनी ने एविग्न में अपनी हिस्सेदारी जापान स्थित मानव संसाधन समाधान प्रदाता मैनावी कॉरपोरेशन को बेच दी है। कैप्रिया ने अपने 'इंडिया अपॉच्र्युनिटी फंड' के लिए 153 करोड़ रुपये (1.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की धनराशि सफलतापूर्वक जुटा ली है। यह एविग्न से निकलने पर संभव हो पाया। जापान स्थित मानव संसाधन समाधान प्रदाता मैनावी कॉरपोरेशन ने मानव संसाधन प्रौद्योगिकी मंच एविग्न में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

# मारुति का शेयरधारकों को तोहफा, देगी अपने इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार बनाने वाली देश की सबसे बडी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी अपने शेयरधारकों को हर शेयर पर 125 रुपए का डिविडेंड देगी।

- कंपनी के बोर्ड ने फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी

कंपनी के बोर्ड ने 26 अप्रैल को 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 125 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी। यह कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड है। मारुति ने एक बयान में कहा कि डिविडेंड के प्रस्ताव को आगामी वार्षिक जनरल मीटिंग में शेयरधारकों के अप्रुवल की जरूरत होगी। कंपनी के नतीजे शेयर बाजार बंद होने के बाद आए, जिससे शेयरधारकों की प्रतिक्रिया का पता नहीं चल पाया। सोमवार को बाजार इस पर अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## कंपनी शेयरधारकों का हर शेयर पर 125 रुपए का देगी डिविडेंड

### मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे

मारुति सुजुकी इंडिया ने इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे भी जारी किए हैं। मार्च तिमाही में कंपनी ने 3,878 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो कि एक साल पहले की अवधि से 48 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी को 38235 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल हुआ जो सालाना आधार पर 19 फीसदी अधिक रहा। हालांकि यह विश्लेषकों के अनुमान से कमजोर है।




### कंपनी के शेयरों में रही गिरावट

नौ ब्रोकरेज फर्मों ने 38772 करोड़ रुपये के रेवेन्यू पर 3916 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे का अनुमान लगाया था। कंपनी के शेयरों में आज 1.70 फीसदी की गिरावट आई है और यह स्टॉक 12687.05 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। कंपनी ने मार्केट क्लोज होने के बाद नतीजे जारी किए हैं।

### मारुति की डिविडेंड हिस्ट्री

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 8 जुलाई 2004 से 20 बार डिविडेंड घोषित किए हैं। पिछले 12 महीनों में कंपनी ने प्रति शेयर 90 रुपए का इक्विटी डिविडेंड घोषित किया है। मौजूदा शेयर प्राइस पर मारुति सुजुकी का डिविडेंड यील्ड 0.71 फीसदी है। कंपनी ने इसके पहले 2023 में 90 रुपए का और 2022 में 60 रुपए का डिविडेंड जारी किया था।

## वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख रहा

# पांच सत्रों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 609 अंक फिसला, फिर भी निवेशकों ने 17,000 करोड़ कमाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 609 अंक फिसल गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति आज दिन भर में करीब 17,000 करोड़ रुपए बढ़ गई।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया।



- बैंक, वित्तीय व एफएमसीजी के कंपनियों में रही बिकवाली
- विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा हुई प्रभावित

### निफ्टी में 273 अंक की रही बढ़त

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। निफ्टी भी 150.40 अंक गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी थम गई। बीते पांच दिनों में मानक सूचकांकों में करीब 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक बढ़ोतरी और निफ्टी में कुल 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### जापानी येन 34 साल के निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'लगातार पांच दिनों से तेजी का दौर चल रहा था लिहाजा बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी हुई थी। इसके पीछे वैश्विक कारकों का भी योगदान रहा। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से रुझान में बदलाव दिखा।'

### *एशियाई बाजार में रही तेजी*

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी।*

### अमेरिकी बाजार में सताने लगी मंदी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार धारणा को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई।'

### क्रूड ऑयल बढ़कर 89.29 डॉलर



वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। इसके अलावा बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।

### इन शेयरों में रही तेजी

आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग दर्ज की गई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। इसके अलावा विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे।

# आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा।

आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। इस तरह उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है। एलएसपी विनियमित बैंकिंग इकाई (आरई) का एजेंट होता है जो ग्राहक जोड़ने, मूल्य-निर्धारण करने, निगरानी और विशिष्ट ऋण की वसूली या ऋण पोर्टफोलियो में मौजूदा आउटसोर्सिंग दिशानिर्देशों के अनुरूप काम करता है। आरबीआई ने पिछले साल दिसंबर में एक मसौदा प्रारूप जारी किया था। उसमें कहा गया था कि ऋणदाता के निर्णय को नियंत्रित करने या प्रभावित करने की स्थिति में मौजूद लोगों को कर्ज देना चिंता का विषय हो सकता है। मसौदा प्रारूप में कहा गया था कि इस तरह की उधारी में नैतिक खतरे का मुद्दा भी शामिल हो सकते हैं और मूल्य निर्धारण एवं ऋण प्रबंधन में एक तालमेल की स्थिति बन सकती है। आरबीआई ने 'डिजिटल ऋण-कर्ज उत्पादों में पारदर्शिता' पर जारी एक मसौदा परिपत्र में कहा, 'ऐसे मामलों में, खासकर जहां एलएसपी कई कर्जदाताओं के साथ जुड़ा है, संभावित ऋणदाता की पहचान उधारकर्ता को पहले से नहीं होनी चाहिए।'



- सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी होने से फैसला लेना आसान
- कई एलएसपी ऋण उत्पादों के 'एग्रीगेटर' के तौर पर भी काम करते हैं

### 31 मई तक टिप्पणियां आमंत्रित

मसौदा परिपत्र के मुताबिक, एलएसपी को कर्जदार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी इच्छुक कर्जदाताओं के पास उपलब्ध प्रस्तावों का डिजिटल ब्योरा मुहैया कराना चाहिए। आरबीआई ने इस मसौदा प्रस्ताव पर 31 मई तक विभिन्न पक्षों से टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

# लघु वित्त बैंकों से नियमित बैंक बनने के लिए आवेदन मंगाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ रुपये के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति (नेटवर्थ) होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे वित्त बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे। इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित करीब एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए। इसके अलावा उस बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और पिछले दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन प्रतिशत और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए।




- 1000 करोड़ रुपए के नेटवर्थ का मानदंड होना चाहिए पूरा
- इस समय एक दर्जन एसएफबी है

### बदलाव की मंजूरी नहीं मिलेगी

इसके अलावा, संक्रमण अवधि के दौरान पात्र एसएफबी के लिए नए प्रवर्तकों को शामिल करने या उनमें बदलाव की मंजूरी नहीं दी जाएगी। दिसंबर 2019 में आरबीआई ने एसएफबी को नियमित बैंकों में बदलने से संबंधित प्रक्रिया निर्धारित की थी।

# क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ता बढ़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण की संख्या पिछले छह माह में 122 प्रतिशत बढ़ी है। देश के प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंज ने शुक्रवार को यह कहा।

वजीरएक्स ने अक्टूबर, 2023 से मार्च 2024 तक की अवधि की अपनी छठी पारदर्शिता रिपोर्ट में यह भी कहा कि इस दौरान पिछले छह महीनों की तुलना में कारोबार मात्रा में 217 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण में 122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसमें कहा गया है कि मार्च, 2024 में सर्वाधिक 40 करोड़ डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि दिसंबर, 2023 में सबसे ज्यादा नए पंजीकरण (साइन-अप) हुए।



- एक रिपोर्ट के अनुसार छह माह में हुए दोगुने

वजीरएक्स के उपाध्यक्ष राजगोपाल मेनन ने कहा, 'हम देश के 'वर्चुअल डिजिटल' संपत्ति (वीडीए) परिवेश में नए विचार को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं।'

### बदलाव लाने की है क्षमता

मेनन ने कहा, "हमारी नई 'पारदर्शिता रिपोर्ट' इसी विचार का संकेत है। नियमों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, उद्योग और अन्य संबद्ध लोगों के साथ सक्रिय सहयोग के माध्यम से हम सकारात्मक नियमों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं जो सभी क्षेत्रों में ब्लॉकचेन और क्रिप्टो प्रौद्योगिकी में बदलाव लाने की क्षमता खोल सकते हैं।''

## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.28 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार, विगत कई सप्ताह तक बढ़ने के बाद, 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब पर पहुंच गया था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.79 अरब डॉलर घटकर 560.86 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.03 अरब डॉलर रह गया।

## एमफैसिस का चौथी तिमाही मुनाफा घटा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एमफैसिस का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.98 प्रतिशत घटकर 393.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को पिछले साल समान तिमाही में 405.3 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। एमफैसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय मामूली रूप से बढ़कर 3,142 करोड़ रुपये हो गयी। यह वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 3,361.2 करोड़ रुपये थी। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का एकीकृत शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,558.8 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,637.9 करोड़ रुपये था।

* **नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में मजबूती रही।

**पश्चिम मध्य रेल**
**कोटा मण्डल**
**खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी, दि. 25.04.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिये अथवा उनकी ओर से **वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.), प.म.रे., कोटा,** निम्न कार्य के लिये खुली मोहरबंद ई–निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.:** 1. **निविदा संख्या:** ईएल–टीआरडी–कोटा–24–ईपीसी–01. **कार्य का नाम: डिजाईन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टींग एण्ड कमिशनिंग ऑफ 132/55 केवी स्कोट कनैक्टड ट्रेक्शन सबस्टैशन एण्ड स्वीचिंग पोस्टस फॉर 2x25 केवी एटी फिडिंग सिस्टम इनक्लूडिंग अपग्रेडेशन ऑफ स्काडा वर्कस बिटवीन कोटा टू आरटीए सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन डब्ल्यू सी रेलवे इन कनैक्शन टू वर्क मिशन 3000 एमटी लोडिंग टारगेट। कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 133.44 करोड़। **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 03.06.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकें: http://www.ireps.gov.in.** पता – वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा, प्रथम तल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्ते अवश्य पढ़ लें।

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**
**Request for Proposal**

Ref. No: MCCPL/RFP/FREE SUPPLY OF ASH/2024-25/001

We, Maruti Clean Coal and Power Plant (MCCPL), are operating our 1x300 MW Thermal Power Plant at Village-Bandhakhar, Tehsil- Pali, District – Korba (Chhattisgarh). Our daily ash generation is approximately 2500 Metric Tonnes and Pond Ash is also available with us in our existing Ash Dyke.

As per Ministry of Power's advisory dated 22nd September'2021 & 15th March 2024,to the Thermal Power Plant to provide of ash free of cost to the end users . To comply these guideline of Ministry of Power, We wish to offer ash free of cost, on first come first serve basis, to the agency(ies) who is/are willing to bear the transportation cost, (ash to be loaded from our plant located at Village Bandhakhar, Tahsil-Pali, District: Korba, Chhattisgarh; directly from the ash silo into the dumpers/trucks)and /or pond ash (which may be loaded in to dumpers/trucks by deploying pokelain or loaders by the user agency).The proposal are invited from the interested agencies for free of cost supply of Ash from our plant located at Village Bandhakhar, Tahsil-Pali, Distt.-Korba, Chhattisgarh.

Interested bidders may submit their requirement in sealed envelope, super-scribing "Ref.No: MCCPL/RFP/FREE SUPPLY OF ASH/2024-25/001" on left hand top of the envelope and mentioning details of required quantity (MT) FLY Ash, Pond Ash, on their letter head and mention the purpose/uses of Fly/ Pond Ash at the below mentioned address on or before closing time and date:

**Closing date and time for submission of proposal:** 02.05.2024 at 17.00 Hrs.
**Contact Person** S.P.Pandey, Ashok Prawin Singh
**Contact No** 9981542555, 7024124878
**E-mail** sppandey@acbindia.com,ashokpsingh @ mccpl power.com
**Address** Maruti Clean Coal and Power Limited, Vill-Bandhakhar, Tehsil- Pali, Distt- Korba(CG)

**- S/d-**
**Maruti Clean Coal and Power Limited**

**TRN Energy Private Limited**

Registered Office : 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg New Delhi – 110057
Corporate Office : 7 th Floor, Office Tower, Ambience Mall NH – 8, Gurgaon – 122002 (Haryana) Ph: 0124–2719000; Fax: 0124 2719185
E-Mail: : trnenergy@acbindia.com&info@trnenergy.com

**TRN Energy Private Limited**
Letter of Interest

Ref. No.: TRNEPL/ASH/2024-25/02 **Dated:** 24-04-2024

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2 X 300 MW Coal based thermal power plant which is located near Vill – Bhengari, Tehsil - Gharghoda, Dist. - Raigarh, Chhattisgarh. This place is well connected with road network. Nawapara (Tenda) village is on Chhal – Gharghoda road and very near to the plant. This place is around 42 KM away from Raigarh and 35 KM away from Kharsia, which are the nearest towns. M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites the bids from reputed and experienced parties for **Transportation of Ash from Fly Ash Silo/ Ash Dyke of TRNEPL Plant Raigarh, Chhattisgarh to the Contractor's Managed Avenues. i.e. Low Lying Areas/ Stone Mines/Abandoned Mines**.

Please visit the website https://eprocurement.mjunction.in and refer tender no. 1008 for qualifying criteria and for further details on or before 01-05-2024 @ 14:00 Hrs.

**Contact Details:-**
Name: - Sunil Kumar
Contact No.:-9868392867
E-Mail Id: - sunil.kumar@acbindia.com

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 मानसी केशरवानी, मुंगेली नाका चौक 2 दीपक कुमार यादव, ठाकुर देव मोहल्ला कर्रा सीपत 3 राम सहाय देवांगन, मधुबन रोड, दयालबंध 4 श्रीमति गिरजा कौशिक, मकान नं.- 54, राजेन्द्र नगर 5 अजय कुमार साहू यदुनंदन नगर तिफरा 6 शैलेन्द्र कुमार सोनवानी, छोटी कोनी बिलासपुर 7 हरिशंकर यादव, राजकिशोर नगर बिलासपुर 8 रतनमाला अग्रवाल गंगानगर 9 फूल बाई देवांगन, बगीचापारा 10 आयुष साहू, खमतराई 11 आकाश गुप्ता , जूना बिलासपुर 12 लुलेश कुमार साहू, राहेरा कला 13 बसंत कुमार धीवर, बैमा नगोई 14 गीता केशरवानी, रामनगर लिगिंयाडीह अपोलो हास्पिटल के सामने 15 श्री संतोष सिंह भैना, जनता क्वा. नेहरू नगर 16 प्रियंका सिंह, अशोक नगर 17 नरेश कुमार गोयल, अमरकंटक रोड पेण्ड्रा रोड 18 सुनीता पोर्ते, वार्ड नं. - 12, नवाडीह मझवांपारा सेमरिया 19 मनोज कुमार पाण्डेय नगोई बैमा 20 दादा जी चिंतामणी दुबे, अशोक नगर सरकण्डा 21 शान्द्रे बेगम, कुदुदण्ड बिलासपुर 22 श्रीमति सीमा राजपूत, सांईनगर उस्लापुर 23 नीलू ठाकुर, वार्ड नं. - 67, प्राइमरी स्कूल 24 रजनी साहू, यदुनंदन नगर तिफरा 25 मनोज गुप्ता मोपका बिलासपुर 26 अश्वनी कुमार कौशिक, वार्ड क्रं. -09,यातायात नगर परसदा 27 श्रीमति मालती रानी मित्रा, फ्रेंडस रेसीडेसी सरकंडा **बिलासपुर आउटर** 1 श्री साधू राम साहू, नेवसा जाली रतनपुर 2 हर्ष बंजारे , धरमपुरा मुंगेली 3 राज महोबिया, सरदार पटेल वार्ड मुंगेली 4 प्रवेश सिंह ठाकुर, कैलाश नगर तखतपुर 5 तारन सिंह ठाकुर, पूनम मशीनरी के पास बरेला **अंबिकापुर** 1 आकांक्षा तोमर, बलरामपुर 2 संतोष गुप्ता, परसा 3 दिव्यांश केरकेट्टा, वार्ड - 4, सी.एस.ई.बी. कालोनी विश्रामपुर 4 हर्ष फोटो कापी एवं स्टेशनरी, रिंग रोड चोपड़ापारा 5 अक्षय मोहन भट्ट, मनीपुर अंबिकापुर **जांजगीर** 1 बहुर लाल कश्यप , किरारी 2 कन्हैया लाल श्रीवास , बलौदा 3 सुनिल कुमार कटकवार , बुधवारी बाजार बलौदा 4 बलभद्र कुमार साहू, शुभम् कृषि केन्द्र सोठी सक्ती **कोरबा** 1 कन्हैया लाल धृतलहरे, मकान नं. - 66, मग्जीन रोड , जंगल साईड बांकी मोंगरा 2 गीता राम साहू, वार्ड क्रं. - 20, बुधवारी बाजार कोरबा 3 श्रीमति मालती सराफ, रामसागर पारा वार्ड नं. - 1 , कोरबा 4 बोधराम चौहान, वार्ड क्रं. - 26, मुड़ापारा कोरबा 5 कांति शर्मा , शांति नगर बाल्को 6 बिरसो मंझवार, लेमरू कोरबा **रायगढ़** 1 धनीराम मेहर, कोष्टापारा रायगढ़ 2 पवन गुप्ता , बेनी कुंज इ- 48, रायगढ़ 3 कु. सुजाता पटेल, दरोगापारा रायगढ़

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दुधमुंहे बच्चों को ......

कर किसी त्योहार में शामिल होने के लिए खुशिया मनाते मतदान करने पहुंचे। यही स्थिति ग्राम पंचायत बोईरगांव के बीहड जंगल के भीतर बसे गांव डुमरघाट के ग्रामीणों भी देखने को मिली। यहां से लगभग 130 ग्रामीण दुर्गम पहाड़ी रास्तों को तय कर सुबह 05 बजे ही लगभग 04 घंटे पैदल चलने के बाद मतदान करने बरदुला पहुंचे।

### रात दो बजे ....

मतदान करने पैदल पहुंचे 80 वर्षीय अमरसिंह कश्यप, कमरती बाई, पलटन, बजारू राम कमार, बंशीलाल, सुखीराम, कैलाश, कुशल, बेनुराम, हीरोबाई इतवारीन, मुक्ता बाई, गोपाल कश्यप, कुशल, भक्तीराम, नंदलाल कमार, धेनुराम, गिरधारी ने बताया कि मतदान करने के लिए रात 2 बजे गांव से पैदल निकले थे। वे 05 से 06 बजे बरदुला पहुंच गए, क्योंकि गर्मी का दिन है और 80 वर्षीय बुजुर्ग से लेकर दुधमुंहे बच्चों को मां अपने साथ आचंल में लेकर मतदान करने पूरा गांव के गांव पहुंचा था।

### चुनावी गर्मी में वोटों .....

मतदान हुआ है। यह आंकड़ा शाम पांच बजे तक की स्थिति में है। **कांकेर में सबसे अधिक महासमुंद में कम-** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा शाम पांच बजे तक की स्थिति में हुए मतदान की जानकारी दी गई है। **बस्तर में 67.56 प्रतिशत वोट पड़े थे-** छत्तीसगढ़ में लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को हुए मतदान में 67.56 प्रतिशत वोट पड़े थे।

### टेडेसरा में कांग्रेस-....

बढ़ा कि भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पुलिस ने महिलाओ की रिपोर्ट पर पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की है। **मेरे साथ हुई धक्का मुक्की-** टेडेसरा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मेरे साथ धक्का मुक्की की है। मैं वहां बूथ का जायजा लेने पहुंचा था लेकिन उपद्रवी भाजपा कार्यकर्ताओं ने धक्का मुक्की करना शुरू कर दिया। निर्वाचन आयोग से इस मामले की शिकायत की गई है। भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री

### 13 राज्यों की 88 सीट ....

है। हालांकि, छत्तीसगढ़ में ड्यूटी पर तैनात एक जवान ने खुदकुशी कर ली। वहीं, बेंगलुरु में बीजेपी और कांग्रेस के कैंडिडेट्स के बीच झड़प हो गई। **पश्चिम बंगाल में 71. 84 प्रश. से ज्यादा वोटिंग-** पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव में शाम तक 71.84 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। **बिहार की 5 सीटों पर 53.03 प्रतिशत वोटिंग -** बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। पांच लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक 53.03 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। **महाराष्ट्र में 43.01% वोटिंग-** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र की आठ सीट पर दोपहर तीन बजे तक 43.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। **केरल में 52 फीसदी से ज्यादा वोटिंग-** केरल की सभी 20 लोकसभा सीट पर शुक्रवार सुबह सात बजे से लेकर दोपहर 3:20 बजे तक 52.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### चुनाव ड्यूटी के .....

हुए बताया कि मृतक जवान का नाम जियालाल पवार (52) है, वह बड़वानी जिले के लिंगवा का रहने वाला है, जो धार की 34वीं बटालियन में तैनात था। कंपनी के कुछ जवान रिजर्व दल में कैंप पर आराम कर रहे थे। इसी में से एक जवान ने शुक्रवार को पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र में अपने सर्विस रायफल से चुनाव के बीच खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है।

### बिरनपुर हत्याकांड की ...

की भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितता और दर्ज अपराध की सीबीआई जांच करा रही है। साथ ही अब सीबीआई बिरनपुर हत्याकांड की जांच करेगी। बिरनपुर में पिछले वर्ष 8 अप्रैल को दो बच्चों के बीच विवाद होने के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसी दौरान भुनेश्वर की हत्या कर दी गई थी।

### शाह बोले-कांग्रेस करती .....

**पीएम मोदी के कार्यकाल में ये काम हुए-** केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पीएम मोदी के कार्यकाल में जो काम हुए हैं, उन्हें मंच से गिनाया। प्रधानमंत्री बनाना 5 अगस्त को धारा 370 को खत्म किया। 25 करोड़ लोगों को गरीब रेखा से बहार निकाला। उन्होंने कहा कि तीसरी बार बना दो सन 2029 तक मुफ्त पांच किलो चावल मिलता रहेगा।

### भूपेश का जेल ...

भारत माता के जयकारे के साथ किया और उपस्थित जनसमुदाय से नारा लगवाया अब की बार चार सौ पार, फिर एक बार मोदी सरकार।**गरीब का बेटा है प्रधानमंत्री-**सीएम श्री साय ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव छोटा-मोटा चुनाव नहीं है, बहुंत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। गरीब का बेटा नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री है।

### आधी बोतल पानी...

पानी अपनी सीट पर ही छोड़कर चले जाते हैं, इसलिए पानी की बर्बादी रोकने अब रेलवे ने नियम बदल दिया है। ट्रेन में यात्री के प्रवेश करते ही उन्हें आधे लीटर की बोतल दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर यात्री दूसरी बार भी पानी की बोतल मांग सकता है। इसके लिए उसे अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### 20 लीटर से अधिक...

इस बीच पानी पूरा नहीं पी पाते हैं। ज्यादातर यात्री आधा पीकर ही छोड़ देते हैं। ट्रेन अटेंडर के मुताबिक रेलवे के इस नियम से रोजाना 20 लीटर पानी की बचत हो सकती है। वर्तमान में इतना ही पानी रोजाना हमें फेंकना पड़ता है।

### आईआरसीटीसी को नई...

प्रदेशों तक पहुंच चुकी है। देशभर के कुल 284 जिले वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा से जुड़ चुके हैं। इस श्रेणी की ट्रेनें 26 हजार 341 किलोमीटर की दूरी तय कर रही हैं। रेलवे नेटवर्क के 100 रेलमार्गों पर कुल 102 वंदे भारत ट्रेनें अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### ईवीएम-वीवीपीएटी मामलाः सुप्रीम...

अगर कुछ सुधार की जरूरत है तो सुधार करेंगे। **उम्मीदवार स्वयं खर्च कर जांच की कर सकता है मांग_** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सर्वसम्मति ने इस पूरे मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के अंदर रिजल्ट की दोबारा जांच की मांग भी कर सकता है, लेकिन इसका खर्चा उम्मीदवार को वहन करना होगा। ऐसी स्थिति में माइक्रो कंटोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर के द्वारा की जाएगी। **प्रशांत भूषण बोले-** कोर्ट ने हमारी मांग नहीं मानी_ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा कि कोर्ट ने हमारी मांगें नहीं मानीं, लेकिन चुनाव आयोग को यह जांच करने का निर्देश दिया है कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर बार कोड लगाए जा सकते हैं, ताकि वीवीपैट पर्चियों की गणना मशीन से की जा सके।

### एपीसी की पिस्टल से...

मुताबिक गोली लगने की वजह से मध्यप्रदेश, उमरिया निवासी अजय सिंह की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक तथा एपीसी रामकुमार सुबह अपने हथियारों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एपीसी के पिस्टल से गोली चल गई। गोली एपीसी के हाथ को चीरते हुए अजय के दाएं सीने में घुस गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### आशीष की सुरक्षा में...

2001 में भर्ती हुआ था। इसके अलावा रामकुमार वर्ष 1985 से वीआईपी सुरक्षा वाहिनी में भर्ती हुआ है। फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस ने विवाद एंगल से भी जांच की है, लेकिन पुलिस को दोनों जवानों का किसी तरह से विवाद होने के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराई...

पिता स्व. मोहम्मद सकुर (40), निवासी दंतेवाड़ा, मोहम्मद रफीक पिता स्व. मोहम्मद मुनीर (40) निवासी दंतेवाड़ा गुरूवार की शाम करीब 6 बजे जगदलपुर के नया बस स्टैंड के पास एक परिचित के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये हुए थे, जहां रात 11 बजे वापस दंतेवाड़ा जाने के दौरान तोकापाल से आगे आरापुर तालाब के पास उनकी दोपहिया ट्रैक्टर के ट्राली से जा टकराई, जिससे तीनों की मौत हो गई।

### वॉट्सऐप ने कोर्ट में...

14 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने कहा है कि तब तक सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक आईटी नियमों के विभिन्न पहलुओं को चुनौती देने वाली अन्य सभी याचिकाएं कोर्ट के पास ट्रांसफर हो जाएगी।

### केजरीवाल को सिर्फ...

अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय हित के ऊपर निजी हित को प्राथमिकता दी है। कोर्ट की पीठ ने कहा कि इसका मतलब ये नहीं है कि छात्रों को पाठ्यपुस्तकों के बिना पढ़ने के लिए छोड़ दिया जाए। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि वह सौरभ भारद्वाज का नाम भी ऑर्डर में शामिल करेंगे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम की आपसी खींचतान के कारण एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं और वे टिन शेड में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कोर्ट ने शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने छात्रों की दुर्दशा पर आंखें मूंद ली हैं और घडियाली आंसू बहा रहे हैं।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769



# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

Required- Draughtsman- 2 Post, (2 years to 5 years Experience) Auto Cad Skills, Supervisor- 6 Post (2 years to 5 years Experience) House Construction. Contact- 9589000671, 7970010958 (33901)

आवश्यकता है-फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़कों की आवश्यकता है पता- वीआर फर्निशिंग, विशाल मेगा मार्ट, केएफसी के बाजू में, अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड, बिलासपुर 9893127584 (33899)

आवश्यकता है- मशीन चलाने हेतु एवं लोडिंग, अनलोडिंग कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9300512252, 92946 88980, 9981870613 9329456723 पता- तिफरा, बिलासपुर (33906)

आवश्यकता है-First Cry, store for kids में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8878106218 (33902)

आवश्यकता है- बिलासपुर ऑफिस हेतु योग्य युवक की जो पार्टी के पास जाकर ऑर्डर ले सके व ऑफिस का संपूर्ण कार्य कर सके योग्यता न्यूनतम स्नातक आकर्षक वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- लाइफ लाइन सर्जिकल तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर 8871729412, 9826165411 (2693)

आवश्यकता है- हमें तत्काल 10 ड्राइवर 5 वर्ष अनुभव (वेतन 12000 आवास के साथ), एवं महिला घरेलू सफाई कर्मी और फार्म हाउस में कामकाज के लिए पति-पत्नी की आवश्यकता है (वेतन योग्यतानुसार) रायपुर देवपुरी 9302708426, 84481 07841 (2691)

Required- Required efficient Staff Work from office for Dispatch And billing(3 posts) Sales marketing (2 posts) Telesales (5 posts) calling with efficient speaking ability 7879163613 bullion-steel @gmail.com (3755)

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता स्नातक एवं मार्केटिंग का अनुभव होना चाहिए सैलरी न्यूनतम 10000 अधिकतम योग्यता अनुसार एवं एक ड्राइवर चाहिए सम्पर्क करें- 8839002378 (33903)

आवश्यकता है-ढाबा में वेटर, तन्दूर मास्टर, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है (फोन करने का समय सुबह 11 से रात 11) पता- रायपुर रोड हाईकोट के पास बिलासपुर 70009 42962, 9098976666 (33908)

आवश्यकता है- सर्वमंगला एर्जेसी महाराणा प्रताप चौक में सेल्समेन, कम्प्यूटर आपरेटर एवं ड्राइवर की आवश्यकता है तत्काल संपर्क करें 97523 94144, 9827976705 (33880)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने हेतु पढ़ा लिखा लड़का एवं कार ड्राइवर (गुगल मैप चलाने वाला) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हरीओम मेडिकल एजेन्सी मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर (338893)

आवश्यकता है-स्पोर्ट्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आर.के. स्पोर्ट्स, बाटा शोरूम के बगल में, रघुराज स्टेडियम के पास, अग्रसेन चौक, बिलासपुर 9424152552 (33884)

आवश्यकता है-अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है जो GST, Tally, TDS का जानकार हो। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें अग्रवाल अरूण एण्ड कंपनी मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 9329193601 (33882)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- लाइब्रेरी के पास, नूतन चौक सरकंडा, बिलासपुर 7470490884, 83057 68707 (33876)

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है। समय सुबह 7बजे से शाम 7बजे तक वेतन 8000 से 9000 स्थानीय को प्राथमिकता, अनुभवी एवं जरुरतमंद ही सम्पर्क करें- 9893881057, 975407 5665 (33883)

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु युवक/ युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं- ग्रेजुएट, आय 8500 से 18000+ रहना/ खाना फ्री, उम्र 18-28, निःशुल्क आवेदन करें न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 9644490606, 88188 77406 (33851)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में पैकिंग एवं दुकान के काम के लिये लड़कों की एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समेन, पैकिंग एवं ट्रांसपोर्ट के काम करने के लिये लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (33871)

आवश्यकता है- कुशल टर्नर, हैल्पर, कम्प्यूटर आपरेटर एवं चौकीदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग, सेक्टर-ए, प्लाट नंबर 19-20, जेसीबी डायनेमिक के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 9425227026 (33890)

आवश्यकता है- UTN SHOP में मार्केटिंग कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है वेतन 8000 से 12000 तक सम्पर्क करें- FS16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 78060 07192 (33891)

आवश्यकता है- होटल में कार्य हेतु इंडियन कुक, वेटर, किचन हेल्पर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- होटल मयूर बिहारी टाकीज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड, बिलासपुर 8815770256, 98274 67841 (33894)

आवश्यकता है- थोक दवा एजेन्सी में पैकिंग, रख रखाव, बिक्री, माल निकालने हेतु महिला/ पुरुष कार्यकर्ता की आवश्यकता है सम्पर्क करें- यूनिवर्सल ट्रेडर्स, मेडिकल काम्प्लेक्स, बिलासपुर (33885)

आवश्यकता है- बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी में मकान निर्माण हेतु कांट्रेक्टर, लेबर चाहिए ईंट जुड़ाई, प्लास्टर, शटरिंग, लोहार, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, टाईल्स, ग्रेनाईट, कारपेंटर, फेब्रिकेशन लेबर पता-स्वर्णिमा एरा कालोनी गीतांजली सिटी फेस-2 के पीछे बहतराई रोड बिलासपुर 7999245462, 79700 10973, 7970010956, 7089761781 (33888)

आवश्यकता है
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलू कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउन्टर स्टॉफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

आवश्यकता है- होलसेल होजयरी रेडिमेड दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर चाहिए वेतन 5000 से 12000 अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- नयन फैशन सुरुचि भोजनालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (33886)

आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष के 10- 12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 74154 55110, 7898882634 (33905)

आवश्यकता है- औद्योगिक संस्थान में मार्केटिंग मैनेजर- 5, फिल्ड आफिसर- 10, टेलीकॉलर- 3. ऑफिस बॉय- 1, विडियो एडिटर- 1 चाहिए योग्यता ग्रेजुएट वेतन 6000 से 30000 सम्पर्क करें- सीएमडी चौक बिलासपुर 91118 82999, 9111880999 (33892)

आवश्यकता है- उज्जैन (एमपी) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं, स्नातक लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री, कोई शुल्क नही लगेगा सम्पर्क करें- 99930 44523, 6261002191 (33856)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें:- जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (33855)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9883460031 (110/24-25)

आवश्यकता है- त्रिमूर्ती पब्लिक स्कूल (रेसिडेंशियल) सरगांव हेतु इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपेन्टर, गार्डनर, कार/ मैजिक/ बस ड्राइवर, सिक्योरिटी गार्ड/ सुपरवाइजर/ मैनेजर/ फील्ड अफसर, मेस/ कैंटीन कुक एवं हेल्पर, होस्टल वार्डन महिला/ पुरुष साक्षात्कार तिथि- 28 अप्रैल समय 4बजे से 7 तक स्थान- सिटी आफिस त्रिमूर्ती पब्लिक स्कूल अम्बे प्लाजा प्रथम तल, एक्सिस बैंक के ऊपर नया बस स्टैण्ड के सामने, तिफरा बिलासपुर 9685536109 (33873)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु एक सुपरवाइजर, दो सेल्समैन एवं फील्ड कार्य एक बिक्री और मार्केटिंग हेतु आवश्यकता है वेतन पांच अकों में। पता- अवनी ट्रेडर्स, एसबीआई बैंक के सामने तखतपुर 8770997005 (33859)

आवश्यकता है-स्कोडा (Skoda) एवं स्विफ्ट कार चलाने के लिये अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 9 से सुबह 12बजे तक रामा मैग्नेटो मॉल के सामने बिलासपुर 90097 52366, 8643039978 (33817)

आवश्यकता है-मेडिकल एजेन्सी में कम्प्यूटर आपरेटर (मार्ग साफ्टवेयर का अनुभवी) एवं माल निकालने रखने और डिलिवरी के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द फार्मा दयालबन्द बिलासपुर 9111000629 (33879)

आवश्यकता है-होलसेल दुकान में काम करने के लिए लड़कों एवं सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री देवेश इन्टरप्राइजेस, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 87709 65033, 9827187037 (33802)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए लड़के की जरूरत है वेतन 7000/- संपर्क करे-श्री शंकर इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम तेलीपारा बिलासपुर 96911 69665 (2690)

आवश्यकता है-हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं 8/10/12वीं फेल लड़कों/ लड़कियों ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुडकर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह+ रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- ऑफिस रायपुर 77720 111224 (3919)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष की युवतियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे, अमेरी चौक, बिलासपुर 88159 60938 (33864)

आवश्यकता है- दिन में लॉज में कार्य करने हेतु वेटर की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज, गांधी चौक बिलासपुर (33847)

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 5000 योग्यता अनुसार 10000 से 20000 तक कमाने का अवसर सम्पर्क करें- नूतन चौक, अथर्व हॉस्पिटल के पास, सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 6267043274 (33874)

आवश्यकता है- खेती बाड़ी में कार्य करने हेतु फैमिली वाले की आवश्यकता है, जो वहाँ रहकर खेती कार्य कर सके रहने की सुविधा। दोनों मिलाकर तनख्वाह 12000 सम्पर्क करें- भटगांव बिल्हा 9754293974 (33858)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए सैलरी 5000 से 20000 कमाने सुनहरा अवसर (सुबह 10बजे से शाम 5:30बजे) फ्रेशर सम्पर्क करें- मंगला चौक, 27खोली बिलासपुर 62663 28817 (33875)

आवश्यकता है-बुजुर्ग महिला की देखभाल एवं घरेलू कार्य हेतु केयर टेकर युवती अथवा नर्स 24घंटे हेतु चाहिए। रहना, खाना, कूलर, स्कूटी, पत्राचार से पढ़ाई की सुविधा। वेतन 10000, सम्पर्क करें- 9098152123 (33868)

आवश्यकता है-फील्ड में कार्य करने के लिए (केवल पुरुष) स्टाफ की आवश्यकता है समय- सुबह 7बजे से शाम 4बजे तक वेतन- 8000/- सम्पर्क करें- सीएमडी चौक बिलासपुर 9695644325, 7389504106 (33751)

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 077140 75490 (42424)

आवश्यकता है-नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000370264 (33822)

आवश्यकता है-प्लाइवुड, सनमाइका, विनीयर, हार्डवेयर के शोरूम मे काम करने अनूभवी लड़कों की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 98261 66665 (33869)

आवश्यकता है-ड्राईवर (पर्सनल) 2पद की आवश्यकता है (जो सभी गाड़ियां चला सके फॉर्च्यूनर, वोल्वो, ईको स्पोर्ट, स्विफ्ट, इत्यादि) सम्पर्क करें-94252 19539 (33866)

आवश्यकता है-फिरोजाबाद बैंगल चुड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर समय सुबह 9.30 से रात 9बजे (33842)

आवश्यकता है-ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10000+ कमीशन, बोनस, रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30000 अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल सम्पर्क करें- 6265100904 (2695)

आवश्यकता है-मॅट्रिमोनी में टैली कॉलिंग एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला/ युवती की आवश्यकता है वेतन 5500 अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी संपर्क करें- पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9617467221 (2686)

आवश्यकता है-रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना फ्री वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- 8109070600, 7869230888 (2628)

## बेचना

बेचना है- 1200 वर्गफुट का प्लाट आशीर्वाद भवन के पीछे हेमू नगर, बिलासपुर में बेचना है सम्पर्क करें- 7974664119 (33904)

बेचना है-प्योर जर्मन शेफर्ड कुत्ते के 2माह के बच्चे बेचना है संपर्क करें-सहारा नर्सिंग होम के सामने ग्रेस होम गौरव पथ बिलासपुर 7987128510 (33860)

बेचना है-20एकड़, 3एकड़, 2एकड़ कृषि भूमि मेन रोड पर जिसमें रोड, ट्यूबवेल पम्प नहर अपासी है। हाईकोर्ट के पीछे 6 लेन रोड ग्राम अमसेना में बेचना है सम्पर्क करें- 9302521946, 9713851988, 94252 19649, 9893221010 (33793)

बेचना है -श्रीराम टावर व्यापार विहार 2BHK सेमी फर्निस्ड फ्लैट रेडी टू प्राइम लोकेशन में एवं विवेकानंद कालोनी मोपका दुर्गा पांडाल के पास 20×50 प्लाट संपर्क करें- 89627 56407 (33865)

बेचना है-DPS स्कूल, बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5km, GST Office से लगा। 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620, 7898918151 (33424)

बेचना है-घुरू हाई स्कूल पानी टंकी के पास 2448 वर्गफीट का डायवर्टेड प्लाट कम कीमत पर अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9826124264, 98279 94760 (33861)

बेचना है-जांजगीर स्थित नगर पालिका आफिस के सामने सेन्टर सिटी आवासीय कालोनी में 1000 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लाट नं.-8 बेचना है सम्पर्क करें- 9827989462, 96988 00000 (33900)

बेचना है-डायवर्टेड प्लाट बेचना है मटियारी चौक में सीपत रोड 1744 वर्गफीट 30x58 लगभग बाउंड्रीवाल किया हुआ है। संपर्क करें 9425545552 (33897)

बेचना है-उषा लता कांप्लेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड 650 फुट एवं नीचे दुकान नं.-3 साइज 200 फुट बेचना है सम्पर्क करें-8964980000, 9826681000 (33706)

## किराया

किराया-सर्व सुविधा युक्त (1) 2बीएचके, प्रगति विहार में प्रथम अस्पताल के बगल में। (2) 2बीएचके गुलाब नगर में मंदिर के बाजू में किराये पर देना है सम्पर्क करें- 8103311284 (33850)

किराया-दरबार लॉज तेलीपारा में दुकान किराये से देना है तीन मंजिला दुकान है। सम्पर्क करें- 9827126666, 9827177676 (33849)

किराया- एटमॉस्फियर हाउसिंग सोसाइटी में लोयोला स्कूल, वसन्त विहार चौक बिलासपुर के पास किराए के लिए 3BHK फ्लैट उपलब्ध है। जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6260020113 और 9425533734 पर सम्पर्क करें (33889)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## लोन

लोन-लोन! लोन! लोन कुबेर फाइनेंस Govt. Regd सर्व योजना अंतर्गत, आधार कार्ड, पर्सनल, प्रोपटी, बिजनेस, सभी लोन, 1-90 लाख तक, 2% व्याज, 40 % छूट, महिलाओं के लिए विशेष सूट 8483865830 (125/24-25)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो.9826705603
- एड प्रयास:- मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

26- APR- K&C- MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 4/27/2024 12:17 AM Page 1



# टी20 में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की रोहमालिया ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है। दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा। लेकिन तभी कोई खलिाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है। ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है। इस इंडोनेशियाई किशोरी रोहमालिया ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है। ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है।




### महिला टी20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| खिलाड़ी | देश | बॉलिंग | विरोधी | साल |
|---|---|---|---|---|
| रोहमालिया | इंडोनेशिया | 7/0 | मंगोलिया | 2024 |
| ओवरडिज्क | नीदरलैंड | 7/3 | फ्रांस | 2021 |
| एलिसन स्टॉक्स | अर्जेंटीना | 7/3 | पेरु | 2022 |
| अंजलि चंद | नेपाल | 6/0 | मालदीव | 2019 |
| गोएबिलवे | बोत्सवाना | 6/1 | लेसोथो | 2023 |



### 6-0 से जीती सीरीज

बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए थे। इसके बाद इंडोनेशिया के गेंदबाजों ने मंगोलिया को 24 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंडोनेशिया ने इसके साथ ही 24 अप्रैल को छठा मैच खेला, इस तरह सीरीज 6-0 से जीत ली।

### 20 डॉट गेंदें फेंकी

बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं। इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में 7 विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

### पुरुष वर्ग का ओवरऑल रिकॉर्ड

पुरुषों की टी20ई में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा मलेशिया के सयाजरुल एजात इद्रस के नाम हैं, जिन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। यह मैच कुआलालम्पुर में 26 जुलाई 2023 को खेला गया। सयाजरुल की गेंदबाजी की वजह से चीन की टीम महज 11.2 ओवर्स में 23 रनों पर लुढ़क गई। यह टी-20 क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे न्यूनतम स्कोर रहा। तब सयाजरुल ने पुरुषों के टी20 इंटरनेशनल मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के पीटर अहो के रिकॉर्ड को तोड़ा था। पीटर ने यह रिकॉर्ड नाइजीरिया के लिए खेलते हुए 2021 में सिएरा लियोन के खिलाफ बनाया था। पीटर ने तब 5 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



### फुल मेंबर देशों का रिकॉर्ड दीपक चाहर के नाम

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के पूर्ण सदस्यों वाले देशों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के स्पेल का रिकॉर्ड भारत के दीपक चाहर के नाम है। चाहर ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट निकाले थे। वहीं, चाहर के साथ संयुक्त रूप से इस पोजीशन पर युगांडा के दिनेश नाकरानी भी हैं। दिनेश ने 2021 में लेसोथो के खिलाफ युगांडा के लिए 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1259 चौके

729 छक्के

### खबर संक्षेप




#### लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई। विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स से 35 रन से मिली हार के बाद कहा, 'हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा।

#### मुंबई प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में प्रभावी नहीं



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज टिम डेविड को लगता है कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में असफल रही और टूर्नामेंट में आगे उसे इस पर ध्यान देना होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैच में सिर्फ तीन में जीत हासिल कर पाई है जिससे वह आठवें स्थान पर चल रही है। पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को छोड़कर उसके लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा जिससे उसे राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा।

#### सेंथिलकुमार, आकांक्षा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरुगे को सीधे गेम में हराकर 12000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई।



**आईपीएल**

**कैपिटल्स की जीत से प्लेआफ का दावा होगा मजबूत**

# आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली, खराब फार्म से जूझ रही मुंबई को देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा। दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है।



### रोहित, सूर्या का दिखेगा तूफान

मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10.10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिए हैं।



### पंत कर रहे शानदार प्रदर्शन

दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है। ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है।

### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे राजस्थान



**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढ़ खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है।

**तीरंदाजी विश्व कप**

# दीपिका सेमीफाइनल में तीरंदाजों के 4 पदक पक्के



**शंघाई।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई । दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

### ज्योति और वर्मा का प्रदर्शन

ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया के लिम और किम वूजिन ने 6-0 से हराया। अब वे कांस्य पदक के लिए मैक्सिको से खेलेंगे। रिकर्व में तरुणदीप राय क्वार्टर फाइनल में आंद्रेस तेमिनो से 3-7 से हार गए।

# जॉनी बेयरस्टो के तूफान में उड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स... पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट में किया सबसे बड़ा रनचेज

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के मैच नंबर-42 में पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में कोलकाता ने पंजाब को जीत के लिए 262 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 8 गेंद बाकी रहते हासिल किया. टी20 क्रिकेट और आईपीएल के इतिहास का ये सबसे सफल रनचेज रहा. मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की यह 9 मैचों में तीसरी जीत रही. दूसरी तरफ केकेआर की आठ मैचों में यह तीसरी हार रही। पंजाब किंग्स की ऐतिहासिक जीत के हीरो जॉनी बेयरस्टो रहे. बेयरस्टो ने 48 गेंदों पर नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और आठ चौके शामिल रहे. शशांक सिंह ने भी महज 28 गेंदों पर नाबाद 68 रनों की पारी खेली. शशांक ने अपनी पारी में आठ छक्के और दो चौके लगाए. 'इम्पैक्ट प्लेयर' प्रभसिमरन सिंह ने महज 20 गेंदों पर 54 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल थे. प्रभसिमरन और बेयस्टो के बीच पहले विकेट के लिए 6 ओवरों में 93 रनों की साझेदारी हुई, जिसने पंजाब को मोमेंटम प्रदान किया।



### टी20 क्रिकेट में सबसे सफल रनचेज

- 262- पंजाब किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, कोलकाता, आईपीएल 2024
- 259- साउथ अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, सेंचुरियन, 2023
- 253- मिडलसेक्स बनाम सरे, द ओवल, टी20 ब्लास्ट 2023
- 244- ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, ऑकलैंड, 2018
- 243- बुल्गारिया बनाम सर्बिया, सोफिया, 2022

### शशांक की 23 बॉल पर फिफ्टी

18वें ओवर में शशांक सिंह ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 23 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में पंजाब ने 250 रन का स्कोर पार कर लिया है।

### बेयरस्टो का 45 बॉल पर शतक

16वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो ने शतक पूरा कर दिया है। उन्होंने 45 बॉल पर शतक जमाया। यह बेयरस्टो का दूसरा आईपीएल शतक है। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 210/2 रहा।

# ओलंपिक चयन ट्रायल में जीतीं सिफ्ट ऐश्वर्य 463.6 अंक से बने विजेता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिफ्ट कौर सामरा ने शुक्रवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल प्रतिद्विंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता।

मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्ट ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।




इस तरह उन्होंने दूसरे स्थान पर रही आशी चौकसी को 2.4 से पछाड़ा। अंजुम मौदगिल शूटऑफ के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। सिफ्ट ने बुधवार को महिलाओं की थ्री पी ओएसटी टी1 भी जीती थी।

### ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता

पुरुषों के थ्री पी ओएसटी टी2 फाइनल में ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता रहे। यहां चल रहे ट्रायल्स के आठवें दिन पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल टी2 क्वालिफिकेशन दौर में नैन्सी ने शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने 633.1 के स्कोर के साथ महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में संदीप सिंह 632.6 अंक से शीर्ष पर रहे। महिलाओं की एयर पिस्टल में रिद्म सांगवान 584 अंक के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि सरबजोत सिंह 581 के साथ पुरुषों की एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थे। सभी चार फाइनल शनिवार को होंगे।

**उबेर कप में सिंधू के बिना युवा महिला टीम देगी चुनौती**

# थॉमस कप खिताब बरकरार रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| चेंगदू

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा, 'यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।'



### एकल और युगल खिलाड़ी

*दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आए हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं। लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी।*

# हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा, 'आप




विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है।'

26- APR- K&C- MAIN- Pg- 12 RAJDHANI_Layout 1 4/26/2024 11:24 PM Page 1



# भारत का वो शहर जहां कार ले जाना है मना, घोषित है संवेदनशील क्षेत्र

**नई दिल्ली।** अक्सर लोग अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ कार में घूमना पसंद करते हैं। किसी भी ट्रिप पर जाना हो या लॉन्ग ड्राइव पर जाना हो, लोग अपनी कार में ही सहज महसूस करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में ही एक जाना माना शहर है, जहां कार लेकर कोई नहीं जा सकता है।

इस जगह का नाम माथेरान है, जो महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित है। ये देश का सबसे छोटा हिल स्टेशन माना जाता है। लेकिन आपको जानकर हैरत होगी कि ये एशिया की एकमात्र ऐसी जगह है, जो पूरी तरह से ऑटोमोबाइल-फ्री हिल स्टेशन है। यहां कोई भी कार या ऑटो लेकर नहीं जा सकता है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसे संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया है। यही वजह है कि कोई भी इस हिल स्टेशन पर कार लेकर नहीं जा सकता है।



### स्वर्ग की तरह नजर आता है माथेरान

माथेरान एक हरे-भरे हिल स्टेशन से बढ़कर किसी स्वर्ग की तरह नजर आता है। यहां आने-जाने के लिए लोग घुड़सवारी करते हैं। इतना ही नहीं यहां पर तेज आवाज करना भी मना है। हॉर्न जैसी चीजें बजाने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। यह जगह समुद्र तल से करीब 2600 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस हिल स्टेशन पर घूमने के लिए बहुत सी जगह हैं। ये मुंबई से मात्र 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस स्टेशन तक जाने के लिए कुछ किलोमीटर पहले ही कार से उतरना पड़ता है। इसके बाद आगे जाने के लिए लोग घोड़ों की मदद लेते हैं। यहां के लुइसा पॉइंट पर आप ट्रैकिंग करते हुए 1.5 किलोमीटर का रास्ता तय कर सकते हैं।



### वेनिस शहर में भी है कार चलाने पर पाबंदी

माथेरान के अलावा दुनिया में एक वेनिस (इटली) भी एक ऐसा शहर है, जहां कार चलाने पर पाबंदी है। दरअसल इस शहर में कोई सड़क नहीं है। यहां पर लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए गोंडाला (एक तरह की नाव) का उपयोग करते हैं।

> भारत और पाकिस्तान के बीच कड़वाहट की दास्तान तो देश के बंटवारे के बाद से ही चली आ रही है लेकिन एक दिल ने दोनों की दूरी को कुछ पलों के लिए खत्म कर दिया है। भारत के डॉक्टरों ने पाकिस्तान की लड़की के सीने में जब हिंदुस्तानी लड़के का दिल धड़काया तो पाकिस्तानी भी इसके मुरीद हो गए।

# पाकिस्तान की लड़की के सीने में धड़का हिंदुस्तानी दिल

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

कराची की रहने वाला आयशा रशन पिछले 5 सालों से दिल की बीमारी से पीड़ित थीं। 2019 में वह इलाज के लिए भारत आईं। डॉक्टरों ने उन्हें पेस मेकर लगाया लेकिन वापस पाकिस्तान पहुंचने के बाद फिर उन्हें दिक्कत आने लगी। इसके बाद डॉक्टरों ने आयशा को हृदय प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी। आखिरकार आयशा के लिए एक भारतीय लड़के का दिल मैच हुआ जिसके बाद चेन्नई के अस्पताल में उनका हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। खास बात ये रही है कि इस ट्रांसप्लांट के लिए आयशा से डॉक्टरों ने एक भी पैसा नहीं लिया। ये खबर पाकिस्तान में पहुंचने के बाद हर कोई भारतीय डॉक्टरों का फैन हो गया है। पाकिस्तान की यूट्यूबर आरजू काजमी के कार्यक्रम में पाकिस्तानी एक्सपर्ट साजिद तरार ने कहा भारतीय डॉक्टरों ने जो किया है, उसके लिए पूरे पाकिस्तान को भारत का शुक्रिया अदा करना चाहिए।

### पाकिस्तानी हुए भारतीय डॉक्टरों के फैन, बोले- हाथ चूम लूं





### करांची जा रहा भारतीय दिल

तरार ने कहा, भारत के लोग किस तरह मोहब्बत से भरे हुए हैं, ये घटना उसका सबूत है। उन्होंने कहा कि वे खुद भारत जाकर देख चुके हैं। उन्होंने कहा, इससे ज्यादा बड़ी बात क्या हो सकती है कि एक पाकिस्तानी बच्ची किसी भारतीय का दिल लेकर कराची आ रही है। तरार ने कहा कि अब वो लड़की कह सकती है कि दिल है हिंदुस्तानी। उन्होंने पाकिस्तान से लोगों से अपील की कि वे इसे देखें और इस बात को समझें कि भारत उनके लिए कितना अच्छा है। पाकिस्तान के लोगों को भारत से रिश्ते ठीक करने पर जोर देना चाहिए।

### हिंदुस्तानी लड़के का दिल हुआ मैच

रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कार्डियक अरेस्ट के बाद आयशा पहली बार भारत आई थी। उस समय डॉक्टर बालाकृष्णन ने हॉर्ट ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी। इसके बाद आयशा को डोनर की वेट लिस्ट में रखा गया। डोनर मिलने में समय था लेकिन आयशा का दिल ठीक स्थिति में नहीं था। ऐसे में डॉक्टरों ने उन्हें बाईं तरफ पेसमेकर लगा दिया। 2023 में उनके दिल में दाईं तरफ भी समस्या आ गई। आयशा की मां ने बताया कि अपनी बच्ची को इस तरह से देखना असह्य था।

0000

# मृत्यु से पहले अधिक सक्रिय हो जाता है मस्तिष्क

**लंदन।** हर इंसान के मन में मृत्यु को लेकर कई तरह के सवाल आते हैं। कई बार आपके मन में भी ये सवाल आया होगा कि मृत्यु के बाद या उससे ठीक पहले क्या होता है? और इस दौरान मनुष्य कैसा महसूस करता है? दरअसल, मृत्यु से पहले के अंतिम 7 मिनटों में हमारा मस्तिष्क अचानक बहुत अधिक सक्रिय हो जाता है। इस अजीब गतिविधियों पर साइंस ने पर्याप्त शोध किया, जिसके जरिए मरने वाले मस्तिष्क की इलेक्ट्रो केमिस्ट्री के बारे में पता किया गया है। शोध में पता चला कि मृत्यु से पहले के क्षणों में मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों में उच्च गामा आवृत्तियां बढ़ने लगती हैं, जो खासतौर पर मृत्यु से पहले ही देखी गई है। यह गतिविधि मृत्यु के निकट मस्तिष्क के एक अनोखे व्यवहार का संकेत है। मृत्यु से ठीक पहले यानी अंतिम क्षणों में हमारा मस्तिष्क गतिविधि की तीव्र अवस्था में पहुंच जाता है। कुछ अध्ययनों में मस्तिष्क गतिविधि के पैटर्न को देखते हुए, अंतिम क्षणों में सपने और स्मृतियों के स्मरण करने का अनुमान लगाया गया है। इस रहस्यमय अनुभव को मृत्यु से पहले तंत्रिका गतिविधि के 7 मिनट कहा जाता है। माना जाता है कि इन सात मिनटों में व्यक्ति अपने जीवन के क्षणों को किसी फिल्म की रील की तरह याद करता है। कई स्त्रोत कहते हैं कि मृत घोषित होने के बाद भी इंसान का दिमाग 7 मिनट तक काम करता है। शोधकर्ताओं ने मृत्यु के दौरान 7 मिनट तक मस्तिष्क की गतिविधियों पर शोध किया।



# दुनिया से डरती है भारत के सेंटिनल द्वीप की रहस्यमयी जनजाति



**नई दिल्ली।** धरती पर आज भी कई जगहों पर इंसान नहीं जा सकते हैं। भारत में भी एक ऐसी जगह है, जहां जाना किसी खतरे से कम नहीं है। देश के अंडमान द्वीप समूह में नॉर्थ सेंटिनल आईलैंड स्थित है। यहां पर सेंटिनली जनजाति के लोग रहते हैं, जिनका दुनिया से कोई संपर्क नहीं है। साल 2018 में इस आईलैंड की अचानक चर्चा शुरू हो गई थी। दरअसल, यहां पर 26 साल के ईसाई धर्म प्रचारक जॉन एलन चाऊ ने जाने की कोशिश की थी, जिसे द्वीप के लोगों ने मार दिया था। बताया जाता है कि उसने द्वीप पर अवैध रूप से जाने का प्रयास किया था। आदिवासियों को उसने ईसाई धर्म में बदलने की कोशिश की, लेकिन चाऊ की मौत अकेली नहीं थी। साल 2006 में यहां पर मछली पकड़ने गए दो मछुआरों की भी हत्या कर दी गई थी। ब्रिटिश औपनिवेशिक इतिहास में यहां के आदिवासियों के बाहरी दुनिया के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार रखने की असली वजह हो सकती है।

### द्वीप पर गए थे अंग्रेज

साल 1879 में ब्रिटिश नौसेना अधिकारी मौरिस विडाल पोर्टमैन को अंडमान का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया था। पोर्टमैन दो दशकों से अधिक समय तक इलाके में जनजातियों को दबाने से जुड़े दस्तावेजीकरण के लिए जिम्मेदार थे। इलाके में उनकी समुदायों को सभ्य बनाने की भूमिका थी, भले ही क्यों न उसके लिए बल का इस्तेमाल किया जाए। वह साल 1880 में उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर गए थे। अधिकारी के लोगों ने द्वीप के छह लोगों, एक बुजुर्ग पुरुष, महिला और चार बच्चों को पकड़ लिया। उनको कथित तौर पर विज्ञान प्रयोग के लिए पोर्ट ब्लेयर लाया गया। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने अपने कार्यों का दस्तावेजीकरण करते हुए जानकारी दी कि द्वीप से लाए गए लोग जल्द ही एक रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित हो गए और वह सभी तेजी से बीमार पड़ने लगे। महिला और पुरुष दोनों की मौत हो गई, तो वहीं बच्चों को द्वीप पर वापस पहुंचा दिया गया।



### दुनिया का होगा सर्वनाश

# 'साल 5000' से लौटकर आए शख्स ने किया दावा

**लंदन।** दुनिया में काफी लंबे समय से टाइम ट्रैवल को लेकर चर्चा चल रही है। अक्सर टाइम ट्रैवेलिंग की कहानियां पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि क्या कोई व्यक्ति समय यात्रा कर सकता है? अब इसके बीच एक बार फिर समय यात्रा को लेकर एक खबर सामने आई है। एक व्यक्ति ने खुद को टाइम ट्रैवल बताया है और अनोखा दावा किया है। इस व्यक्ति ने दावा किया है कि वह 'साल 5000' से लौटकर आया है। यह साबित करने के लिए उसके पास फोटोग्राफिक सबूत हैं। उसका कहना है कि एक दिन दुनिया का सर्वनाश होगा।

स्वघोषित टाइम ट्रैवेलर का नाम एडवर्ड है। उसने बताया कि वह साल 2004 में एक टाइम ट्रैवलिंग एक्सपेरीमेंट में शामिल हुआ था। जहां पर उसे तीन हजार साल आगे पहुंचा दिया गया था। शख्स ने कहा कि वह लॉस एंजिल्स लैब में काम करता था। इस दौरान उसे भविष्य का दौरा करने और उन्होंने जो देखा उसकी तस्वीरें लेने का काम दिया गया था। एक टीवी के साथ दोबारा इंटरव्यू में आने पर उसकी पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को पिक्सलेट किया गया है। इसके साथ ही उसकी आवाज को बदल दिया गया है।



### यात्रा के दौरान मिला एक व्यक्ति से

उसने कहा कि मैं आप लोगों को एक ऐसी कहानी बातऊंगा जो हैरान कर देगी। मैं जहां था वह स्थान अविश्वसनीय था। उसने बताया कि लकड़ी का एक बड़ा स्टेज था, जिस पर मैं खड़ा था। वहां सिर्फ मैं ही नहीं था। वहां पर घर, इमारतें सब थीं, लेकिन सभी लकड़ी के बने थे और उसके बाद मुझे यह एहसास हुआ कि यह लॉस एंजिल्स शहर था, लेकिन पानी के नीचे। उसने दावा किया कि वह अपनी यात्रा के दौरान एक व्यक्ति से मिला। रहस्यमयी व्यक्ति ने एडवर्ड को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से प्रलय के बाद बाढ़ आएगी। उसने आगे कहा कि यह ग्लोबल वार्मिंग की वजह से था। दोनों ध्रुवों में बर्फ के टुकड़ों से पता चला कि बर्फ पिघल चुकी है और दुनिया पानी के नीचे समा चुकी है। वातावरण में सीओटू की बहुत ज्यादा मात्रा के कारण बाढ़ आई। इसने धीरे-धीरे नैचुरल शील्ड जोन को खत्म कर दिया।

लोगों ने दावे को बताया झूठा

सोशल मीडिया पर लोगों ने शख्स के दावे को झूठा बताया है। बता दें कि इससे पहले भी कई लोगों ने समय यात्रा करने का दावा किया है और अजीबोगरीब दावे किए हैं। अब इस व्यक्ति की बातें कितनी सच हैं यह नहीं कहा जा सकता है।

अमेरिकी अंतिरक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, अतीत या भविष्य में सैकड़ों वर्षों की यात्रा करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। ऐसी समय यात्रा सिर्फ किताबों और फिल्मों में होती है।

### हरियाणा के एक गांव में खुदाई के दौरान मिलीं 400 साल पुरानी मूर्तियां

**मानेसर।** हरियाणा के मानेसर के पास बाघनकी गांव में खुदाई के दौरान कई साल पुरानी मूर्तियां पाई गई हैं। एजेंसी के मुताबिक बुधवार को पुलिस ने बताया कि एक घर निर्माण परियोजना के लिए खुदाई चल रही थी, इसी वक्त तीन धातु की मूर्तियां निकलीं, जो लगभग 400 साल पुरानी हैं। पुलिस के मुताबिक प्राचीन मूर्तियों को कब्जे में ले लिया गया है । और मालिक को निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा गया है।




### बॉयफ्रेंड को करती थी दिन में सैकड़ों बार फोन, चीन की लड़की को हुई लवब्रेन बीमारी

**नई दिल्ली।** चीन में 18 साल की एक लड़की (जिसका नाम शियाओयू बताया गया) को 'लव ब्रेन' की बीमारी बताई गई है। ये तब सामने आया जब उसने अपने बॉयफ्रेंड को रोजाना सैकड़ों बार फोन और मैसेज किए। ये एक ऐसा जुनून था जो बेकाबू हो गया और दोनों, शियाओयू और उसका बॉयफ्रेंड, परेशान हो गए। शुरुआत तो प्यारी थी। यूनिवर्सिटी के पहले साल में प्यार हुआ, मगर ये जल्दी ही जुनून में बदल गया। शियाओयू को अपने बॉयफ्रेंड की हर वक्त जरूरत रहने लगी। वो उसका ध्यान खींचने के लिए कुछ भी करने को तैयार थी।

#### यह है पूरा मामला

रिपोर्ट के अनुसार, चेंगदू के फोर्थ पीपुल्स हॉस्पिटल की डॉक्टर डू ना ने बताया कि शियाओयू एक दिन में अपने बॉयफ्रेंड को 100 से ज्यादा बार फोन करती थी। उसका जुनून इतना बढ़ गया कि वो गुस्से में घर का सामान फेंकने लगती थी, और यहां तक कि खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी देने लगी। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में शियाओयू लगातार वीडियो कॉल करके अपने बॉयफ्रेंड से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। ये बेहद परेशान करने वाला है। ये जुनून किसी गहरी मानसिक समस्या की ओर भी इशारा करता है, ऐसा एक्सपर्ट्स का कहना है। अस्पताल ले जाने पर शियाओयू को बॉर्डरलाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर बताया गया, जिसे आम बोलचाल में "लव ब्रेन" कहते हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com